


दैनिक
# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 281/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 01 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## भोपाल गौरव दिवस पर सीएम शिवराज का बड़ा ऐलान- अगले साल से 1 जून को शासकीय अवकाश रहेगा




**भोपाल।** भोपाल गौरव दिवस के मौके पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपालवासियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। अगले साल से भोपाल में 1 जून को भोपाल विलीनीकरण और भोपाल गौरव दिवस के अवसर पर शासकीय अवकाश रहेगा। बता दें कि अवकाश की मांग पूर्व महापौर आलोक शर्मा ने की थी। शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल गेट पर विलीनीकरण दिवस पर गुरुवार सुबह झंडा वंदन किया। इसी दौरान उन्होंने यह एलान किया है। ष्टरू शिवराज ने कार्यक्रम में मशाल प्रज्जवलित की और शहीदों को पुष्पांजिल दी। इसके बाद उन्होंने स्वच्छता सैनिकों का सम्मान किया।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि, भोपाल में 1 जून यानी गुरुवार को मनाए जाने वाला गौरव दिवस 4 जून तक आयोजित होगा। आज मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले आयोजन में बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल, मनोज मुतंशिर समेत कई स्टार अपनी शो की प्रस्तुति देंगे। आज सुबह सीएम चौहान ने भोपाल गेट पर विलीनीकरण (भोपाल स्वतंत्रता दिवस) दिवस पर झंडावंदन भी किया।

## 23 जून को डिजिटल रैली को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री, प्रदेश के 38 लाख कार्यकर्ता करेंगे शिरकत



**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर देशभर के साथ प्रदेशभर में भारतीय जनता पार्टी महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। प्रदेश में भी 30 मई से 30 जून तक प्रदेशभर में बड़े नेताओं के दौरे होंगे। भाजपा नेता-कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के काम को बताने घर-घर जाएंगे।

इंदौर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा है कि भाजपा ने 543 लोकसभाओं को 144 कलस्टरों में बांटा है। हर क्लस्टर में तीन से चार लोकसभाओं को शामिल किया गया है। हर क्लस्टर में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता 8 दिन गुजारेंगे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की दो टोलियां बनाई गई हैं। मध्यप्रदेश में 8 क्लस्टर बनाए गए हैं, जिसमें 16 केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय पदाधिकारी नेता भाग लेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसम्पर्क अभियान शुरू किया है। इस अभियान में मध्यप्रदेश की 29 लोकसभाओं में सभाएं, 30 से अधिक प्रेस कांफ्रेंस, 30 हजार से अधिक विशिष्ट परिवारों से संपर्क और सरकार की योजनाओं के लगभग 5 करोड़ लाभार्थियों से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संपर्क करेंगे। इसके साथ ही लोकसभा, विधानसभा एवं प्रदेश के 65 हजार से अधिक बूथों पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

## इंदौर गौरव दिवस: कैलाश विजयवर्गीय बोले- एक विकृति शुरू हुई है नशे की, शहर को इससे बचाना है




**इंदौर।** देवी अहिल्या जन्मोत्सव के मौके पर इंदौर गौरव दिवस कार्यक्रम में बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नशे से इंदौर को बचाना है। लोगों से अपील है कि वो शहर की सुंदर छवि बनाएं। कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि प्रशासनिक आदेश आप देकर जाएं। कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान, सांसद शंकर लालवानी, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलवट, उषा ठाकुर, कलेक्टर, निगमायुक्त, पुलिस कमिश्नर भी मौजूद रहे।

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने गौरव दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज मैं भाषण नहीं देना चाहता, क्योंकि मैं जानता हूं कि लोग संगीत के मूड में हैं पर एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि इंदौर में एक थोड़ी सी विकृति प्रारंभ हुई है नशे की.. मैं उसके खिलाफ हूं। सबको आगाह करना चाहता हूं, इंदौर को हमें बचाना है और इंदौर के गौरवशाली बनी परंपरा रहे, यह हम सब की जवाबदारी है। इस विकृति को समाप्त करना है। सामाजिक रूप से हम सबको और मुख्यमंत्री जी प्रशासनिक रूप से आप निर्देश देकर जाएं।

## आज से शुरू होंगे 'युवा कौशल कमाई योजना' के लिए रजिस्ट्रेशन, 1 जुलाई से मिलेंगे पैसे



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चुनावी साल है ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक के बाद एक प्रदेशवासियों को बड़ी खुशखबरी दे रहे हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली बहना योजना की शुरुआत की गई है। जिसमें एक करोड़ महिलाओं को 1000 प्रति माह दिए जाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के युवाओं के लिए युवा कौशल कमाई योजना का ऐलान किया था।

सीएम शिवराज ने प्रदेश के युवाओं के लिए युवा कौशल कमाई योजना शुरू की है। जिसका लाभ प्रदेश के लाखों युवाओं को मिलने वाला है। इसमें युवाओं को प्रतिमाह 8000 देने के साथ ही उन्हें सशक्त भी बनाया जाएगा और ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर रही है।

बता दें कि ट्रेनिंग में युवाओं को इंटरेस्ट के अनुसार उन्हें सिखाया जाएगा ताकि आगे चलकर अपने रोजगार के रास्ते युवाओं को मिल सके। युवा कौशल कमाई योजना की खासियत यह है कि इसमें युवाओं को अपने खर्चे के लिए 8000 महीना सरकार देगी। साथ ही उन्हें ट्रेनिंग देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा। प्रदेश सरकार ने लक्ष्य रखा है कि हर एक युवा को रोजगार मिले।

### गौरव दिवस: बलिदानियों को याद किया भोपाल ने

# शिवराज ने किया सफाई मित्रों का सम्मान






**भोपाल।** भोपाल आज अपना गौरव दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शहर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में ईदगाह हिल पर स्थित शहीद गेट पर भी गुरुवार सुबह विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीएम शिवराज सिंह चौहान भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शहीद गेट को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सीएम शिवराज ने यहां पहुंचकर भोपाल विलीनीकरण के आंदोलन में योगदान देने वाले बलिदानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सीएम शिवराज ने ध्वजारोहण कर भोपालवासियों को गौरव दिवस की बधाई दी।



कार्यक्रम के दौरान सीएम ने सफाई-मित्रों को सम्मानित भी किया। सीएम ने कहा कि हमारे भोपाल को सुंदर बनाने वाले और शहर के गौरव में इन सफाई मित्रों का योगदान सबसे बड़ा है। सीएम ने घोषणा की कि अगले वर्ष से 01 जून को भोपाल में अवकाश भी रखा जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, पूर्व महापौर व भाजपा नेता आलोक शर्मा, बीडीए अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने कहा कि कई लोगों, खासकर नई पीढ़ी को पहले मालूम भी नहीं था कि अपना देश तो 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया था, लेकिन तब भोपाल को आजादी नहीं मिली। यहां के नवाब ने भोपाल रियासत को भारत में विलीन करने से इंकार कर दिया था। तब यहां के लोगों ने विलीनीकरण आंदोलन चलाया। लगभग पौने दो साल तक भोपाल के लोगों ने लगातार इस रियासत को भारत में विलीन कराने के लिए आंदोलन किया। इस दौरान कुछ लोगों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान भी दिया। तब जाकर 01 जून 1949 को भोपाल आजाद भारत का अंग बना। बोरास में हमारे लोग शहीद हुए। भोपाल भारत का हिस्सा बने, इसलिए खून की अंतिम बूंद तक दे दी। पं. उद्धवदास मेहता, मास्टर लाल सिंह, बालकृष्ण गुप्ता, डॉ. शंकरदयाल शर्मा समेत कई महापुरुषों ने भोपाल विलीनीकरण की लड़ाई लड़ी। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जब नवाब को आंखें दिखाई तो 1 जून 1949 को भोपाल भारत का अंग बना। इसलिए भोपाल ने तय किया कि भोपाल की आजादी का दिन ही गौरव दिवस होगा।

## मणिपुर हिंसा की जांच के लिए बनेगा न्यायिक आयोग: अमित शाह

### साजिश की आशंका, सीबीआई की टीम भी करेगी जांच

**नई दिल्ली।** हिंसा की आज में झुलस रहे मणिपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शांति बहाली की कोशिशों में जुटे हुए हैं। आज गृहमंत्री इंफाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की वहां के हालात के बारे



में जानकारी दी। अमित शाह ने कहा कि मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाज फैसले के कारण यहां पर जातीय हिंसा और दो ग्रुप के बीच में हिंसा की शुरुआत हुई। उन्होंने इसके पीछे साजिश की भी आशंका जताते हुए कहा कि एसबीआई इस तरह के 6 मामलों की जांच करेगी। भारत सरकार हिंसा, हिंसा के कारण और हिंसा में किसकी ज़िम्मेदारी है, इन सभी चीजों की जांच के लिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस स्तर के रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित करके जांच कराएगी।

उन्होंने बुधवार को मोरेह और भारत-म्यांमार सीमा से जुड़े कांगपोकपी का दौरा किया। इस दौरान कुकी और मैतेई दोनों ही समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। हिंसा प्रभावित कांगपोकपी में सैकड़ों की संख्या में कुकी आदिवासियों ने तिरंगा हाथ में लेकर उनका स्वागत किया। गांव के लोगों ने कहा कि हम सरकार की शांति स्थापित करने में हर तरह की मदद करेंगे। गृहमंत्री ने दोनों ही समुदायों के राहत शिविरों में जाकर पीड़ितों से मुलाकात की और उनसे वादा किया कि जल्द ही उन्हें वापस अपने घर लौट पाएंगे। इसके अलावा इमरजेंसी के लिए हेलिकॉप्टर की सेवा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## मेरी जासूसी हो रही, अमेरिका में टेक उद्यमियों के सामने बोले राहुल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस समय अमेरिका दौरे पर हैं। उनकी ये विदेशी यात्रा पहले ही चर्चा का केंद्र बन चुकी है। इस बीच, बुधवार को उन्होंने सिलिकॉन वैली स्थित स्टार्टअप उद्यमियों के साथ बातचीत की। बता दें, इन उद्यमियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में अग्रणी काम करने के लिए जाना जाता है। बताया जा रहा है कि राहुल



ने डाटा सुरक्षा को अहम बताते हुए भारत सरकार पर एक बार फिर उनके फोन टैप करने का आरोप लगाया।

इस दौरान प्लग एंड प्ले एडिटोरियम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा और भारत से आए अन्य सहयोगी भी मौजूद थे। यहां राहुल गांधी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा, मशीन लर्निंग के विभिन्न पहलुओं और सामान्य रूप से मानव जाति पर उनके प्रभाव, सामाजिक कल्याण उपायों और गलत सूचना जैसे मुद्दों पर विशेषज्ञों से चर्चा की।

### 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स फाउंडर भारतीय

कैलिफोर्निया में सनीवेल के आधार पर, प्लग एंड प्ले टेक सेंटर स्टार्टअप्स के सबसे बड़े इनक्यूबेटर में से एक है। इसके सीईओ और संस्थापक सईद अमिदी की माने तो प्लग एंड प्ले में 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स फाउंडर भारतीय या भारतीय अमेरिकी हैं। फिक्सनिक्स स्टार्टअप के संस्थापक अमिदी और शॉन शंकरन ने कहा कि गांधी ने सभी तकनीकों को भारत के गांवों में आम आदमी पर पड़ने वाले प्रभाव से जोड़ने की कोशिश की। साथ ही एक सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि यदि आप भारत में किसी भी तकनीक का प्रसार करना चाहते हैं, तो आपके पास एक ऐसी प्रणाली होनी चाहिए जो लोगों को जोड़ सके।

राहुल गांधी ने डाटा सुरक्षा और उचित नियमों की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डाटा एक नया सोना है। भारत ने इसकी वास्तविक क्षमता का अहसास किया है। इसकी सुरक्षा के लिए उचित उपाय करने चाहिए। वहीं, पेगासस स्पाइवेयर और इस तरह की तकनीकों के मुद्दे पर गांधी ने कहा कि वह इसके बारे में चिंतित नहीं हैं। मजाक के मूड में राहुल

## महाकाल मामले में लीपापोती के प्रयास: कमलनाथ



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि भगवान महाकाल समस्त हिंदू समाज की आस्था का केंद्र हैं। जिस तरह से महाकाल लोक में सप्त ऋषि की मूर्तियां गिरी और अब अन्य देव प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचने के समाचार भी सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार का रवैया पूरी तरह मामले की लीपापोती करने का नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने के बजाय शिवराज सरकार के मंत्री बिना जांच के ही अपनी सरकार को क्लीन चिट दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया है कि महाकाल लोक घोटाले की जांच हाईकोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश से कराई जाए।






## एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर इंसान लग्जरी ब्रांड टाइकून बर्नार्ड अर्नाल्ट को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** टेस्ला इंक के सीईओ एलन मस्क फिर से दुनिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। एलन मस्क ने लग्जरी ब्रांड टाइकून बर्नार्ड अर्नाल्ट को पछाड़ा। बता दें कि बर्नार्ड अर्नाल्ट की कंपनी के शेयरों में बुधवार को 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते अर्नाल्ट को नुकसान उठाना पड़ा और वह सबसे अमीर बिजनेसमैन की लिस्ट में दूसरे नंबर पर खिसक गए।



बता दें कि ब्लूमबर्ग बिलयनेयर इंडेक्स में इस साल एलन मस्क और बर्नार्ड अर्नाल्ट के बीच सबसे अमीर इंसान बनने के लिए कड़ा मुकाबला रहा और दोनों की संपत्ति में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। बीते साल दिसंबर में जब टेक इंडस्ट्री मुश्किलों से गुजर रही थी तो मस्क की संपत्ति में गिरावट आई। जिसका फायदा अर्नाल्ट की कंपनी एलवीएमएच को मिला। बता दें कि एलवीएमएच लग्जरी ब्रांड जैसे लुई विटॉन, फेंडी और हेनेसी की निर्माता कंपनी है।

# लायंस क्लब भोपाल मेजेस्टिक ने किया निगम कर्मियों का सम्मान



**भोपाल ।** भोपाल गौरव दिवस के मौके पर बुधवार को लायंस क्लब भोपाल मैजेस्टिक ने नगर निगम के 25 स्वच्छता योद्धओं का सम्मान समारोह बघीरा अपार्टमेंट में रखा 7 बघीरा के रहवासियों के साथ बड़ी संख्या में लायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ प्रकाश सेठ ,रीजन चेयरपर्सन लायन चढ़ार सर ,जोन चेयरपर्सन लायन अनीता मिश्रा ,लायन रवि सक्सेना,लायन रीता दलेला लायन रेनू नायक लायन संगीता त्रिपाठी लायन सीमा सक्सेना (डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन स्वच्छ भारत मिशन )लायन सुयश कुलश्रेष्ठ ,लायन सुषमा कुलश्रेष्ठ ,लायन शरण सर ,लायन रणजीत अरोरा ,लायन हरीश गहलोत , लायन बाटले ,लायन राजेश सुखरामानी ने गौरव दिवस के अलावा भी भोपाल को स्वच्छतम शहर बनाने का संकल्प लिया।

# जिला पंचायत सीईओ 17 विभागों के होंगे नोडल अधिकारी

**भोपाल ।** कलेक्टर आशीष सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को जिले में 17 विभागों की संचालित हो रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। जिला स्तरीय 17 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी से समय-समय पर नोडल अधिकारी को अवगत करायें। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत जिला स्तर पर विभागवार नस्तियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिविल सर्जन, 1250 चिकित्सालय, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहायक संचालक मत्स्य, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास, उपायुक्त सहकारिता, जिला खाद्य अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, जिला विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति कल्याण, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संचालित योजनाओं की जानकारी से सीईओ को अवगत करायेंगे।

# सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन ही होगा

**भोपाल ।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल http:icmis.mp.gov.in पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुएल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा।

# कैंसर स्क्रीनिंग शिविर लगाकर मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नजीराबाद बैरसिया सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु के निर्देशन में बुधवार को सिविल अस्पताल बैरसिया में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप लगाकर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरू द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने साल 2007 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की थी। जिसका उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना एवं तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, कोप्टा के प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना था। आज स्वास्थ्य टीम बैरसिया ने नुक्कड़ नाटक और पोस्टर बैनर की मदद से नागरिकों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और नागरिकों को तम्बाकू छोड़ने की सलाह दी।

दंतशल्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं उत्पादक देश है। विश्व स्तर पर तंबाकू के सेवन की वजह से करीब 80 लाख और भारत में तंबाकू के सेवन से 13 लाख लोग हर साल अपनी जान गवां देते है। चीन और संयुक्त राज्य (अमेरिका) के बाद कैंसर के मरीजों के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। यहां मुंह के कैंसर का 90 प्रतिशत कारण तंबाकू है बल्कि अब भारत को दुनिया भर में मुंह के कैंसर की राजधानी के रूप में देखा जाने लगा है। पूर्व सीबीएमओ बैरसिया स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. किरण वाडीवा ने बताया कि विश्व भर में धूम्रपान करने वाली महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

हालांकि इसकी वजह से महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसमें गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और हृदय संबंधी जोखिम इत्यादि शामिल है। इस साल के विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम हमें भोजन की जरूरत है



तंबाकू की नहीं है। इस थीम पर शासकीय कन्या शाला स्कूल और एलएनसीटी के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक किए। कार्यक्रम में डॉ. मीना वर्मा, डॉ. शालिनी दीक्षित, डॉ. वरुण कुमार, डॉ. भावना, बी.पी.एम. मनोज मेहर सुपरवाइजर, सहित एल.एन. सी.टी. कॉलेज और कन्या शाला के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# अशोक मारन बने ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम लालवानी व आनंद सबधानी बने उपाध्यक्ष



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की घोषणा आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी व प्रभारी मुकेश नायक की सहमति स्वामी शांति प्रकाश धर्मशाला में जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा की गई । जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद अशोक मारन, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी व आनंद सबधानी को मनोनीत किया गया ।जैसा कि विगत 18 वर्षो के बाद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नये चेहरे को बिठाया गया है जबकि पूर्व में स्वर्गीय नानक चंदनानी ब्लॉक अध्यक्ष थे ।

जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने कहा कि 2023 में चुनाव से पूर्व मण्डलम सेक्टर और बूथ अध्यक्षों के माध्यम से संत नगर में कांग्रेस की एक बड़ी टीम खड़ी करे एवं व्यापारी, युवा एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये संगठन को बढ़ाये । पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने कहा कि चुनाव पूर्व संगठन की तैयारी सबको मिलजुलकर कार्य करना है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाना है ।

इस अवसर पर नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन ने कहा कि जो पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी हैं उसमें मैं पूरी निष्ठा से कार्य करते हुये पार्टी संगठन में नये-नये सदस्यों को जोड़कर व्यापारी बंधुओं को जोड़कर व सक्रिय युवाओं व महिलाओं की एक टीम, संत नगर में खड़ी करेंगे ।

प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी द्वारा दिया गया वचन नारी सम्मान योजना के 1500 रू. प्रतिमाह, 100 यूनिट तक बिजली फ्री, 500 रू. में गैस, इनके फार्म भराकर संत नगर के प्रत्येक व्यक्ति से संपर्क साधेंगे । जिससे आने वाले चुनाव में हम संत नगर के लोगों को कांग्रेस की ओर मोड़ सके ।

इस अवसर पर उप ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधानी ने भी संगठन की मजदूरी पर अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन माधु चांदवानी एवं आभार घनश्याम लालवानी ने प्रकट किया । इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ पूर्व सैनिक विभाग के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तेजासिंह सोडी का भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर राज मनवानी, रामभरोसे भगवानिया, मोहनलाल चंदनानी, मण्डलम अध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश सांवले, नरेन्द्र केवलानी, सुरेश सिंगरोली, अनिल टेकचंदानी, जितेश खानचंदानी, जेकी गोस्वामी, हरीश वलेछा, दयाल सत्तानी, दिनेश विश्वकर्मा, मनोज सत्तानी, लक्ष्मण वासवानी, विष्णु मारन, जगदीश सांवले, आत्माराम सूर्यवंशी, राजेश लोहट, ब्लॉक अध्यक्ष पूनम यादव, सोनू जैन, सोनू मीना, राम लेखवानी, राजू वर्मा, प्रकाश वीधानी, कन्हैया राजदेव, अंकित सिंह, प्रेमकुमार पठानी, दयाल दोलतानी, बद्री सिंगरोली, शिवओम भार्गव, जानकीलाल भारानी, ओमप्रकाश नामदेव, बबलू टेकचंदानी, राजेश लीलानी,

# पहले दो चरणों में 34 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की होगी एफएलसी



**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा तैयारियाँ शुरू कर दी गई है। पहले दो चरण में 34 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की जिला स्तर पर एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) के लिए संबंधित जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य 7 एवं 10 जून को किया जाएगा। जिला स्तर पर होने वाला यह कार्य बेल (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बेंगलुरू) के इंजीनियर्स द्वारा किया जाएगा। इसकी सूचना जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को भी दी जाएगी। 7 जून को 15 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी का एफएलसी होगी। इसमें गुना, निवाड़ी, रीवा, अनूपपुर, कटनी, जबलपुर, मंडला, बैतूल, भोपाल, आगर-मालवा, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच एवं मुरैना जिला शामिल है। 10 जून को 19 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी होगी। इसमें श्योपुर, भिंड, दतिया, अशोकनगर, छतरपुर, पन्ना, सतना, सिंगरौली, उमरिया, सिवनी, नरसिंहपुर, हरदा, नर्मदापुरम, सीहोर, शाजापुर, बुरहानपुर, बड़वानी, झाबुआ एवं धार जिला शामिल है।

## विद्यार्थियों के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि

**भोपाल।** विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि के निर्देश दिए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल क्रीड़ा अंशदान से आयोजित होने वाली शालेय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में यह वृद्धि दर लागू होगी। इन प्रतियोगिता में जो छात्र छात्राएं शामिल होंगे, उन्हें इसी सत्र से बढ़ा हुआ दैनिक भत्ता एवं गणवेश राशि मिलेगी। क्रीड़ा अंशदान राशि से आयोजित होने वाली जिला एवं संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए दैनिक भत्ता राशि 90 रुपए से बढ़ाकर 135 रुपए एवं गणवेश राशि 450 रुपए से बढ़ाकर 675 रुपए की गई है।

# बाईपास रोड पर सर्व सुविधा युक्त रुद्राक्ष और राजधानी परिसर

**भोपाल** बाईपास रोड स्थित कान्हा सैया के पास सर्व सुविधा युक्त रुद्राक्ष परिसर एवं राजधानी परिसर में बेहतरीन प्लॉट उपलब्ध है यह बायपास रोड सबसे तेजी से विकसित होता हुआ क्षेत्र है जहां पर 15 बड़े संस्थान स्थापित हो रहे हैं इसमें आइटीबीपी सी पी ए टी सी ए टी टी अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी आरटीओ ऑफिस बंसल कॉलेज त्रिनिटी कॉलेज एवं मेट्रो स्टेशन व क्रिकेट स्टेडियम सम्मिलित हैं यहां पर विकसित की जा रहे रुद्राक्ष परिषद एवं राजधानी परिषद फेस वन एवं फेस टू में सभी सुविधा उपलब्ध है भव्य प्रवेश द्वार पानी की सुविधा बिजली की सुविधा सीवरेज की सुविधा 25 फीट चौड़ी सीसी रोड प्लाट मार्केट की गई है बिल्डर आरडी साहू ने बताया कि यह क्षेत्र तेजी से विकसित होता हुआ क्षेत्र जहां पर रहवासी कॉलोनियों के लिए उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है वह शब्दों को अफॉर्डेबल कीमत पर उपलब्ध कराने का प्रयास है इन प्रोजेक्ट के बारे में एमकेडी रियल ट्रेजर के सामने मीनार गेट नंबर 2 अयोध्या बायपास रोड भोपाल पर संपर्क किया जा सकता है

# विश्व दुग्ध दिवस की दी सभी को शुभकामनाएं



**भोपाल।** मध्य प्रदेश दुग्ध सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपीएस तिवारी ने 1 जून विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपीएस तिवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश दुग्ध सहकारी संघ अपने दुग्ध उत्पादों के जरिए पूरे प्रदेश एवं इससे जुड़े दुग्ध उत्पाद को की सेवा करता रहेगा मध्य प्रदेश दुग्ध सहकारी संघ अपने लोकप्रिय ब्रांड सान्ची साँची के जरिए जनता को दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराता है

# प्रदेश में होगी आयुष विवि की स्थापना, रंग लाई इंदौर के डॉ. द्विवेदी की कोशिशें

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश में जल्द ही आयुष विश्वविद्यालय स्थापित किया जायेगा। आयुष मंत्रालय मध्यप्रदेश संचालनालय ने इस संबंध में पत्र जारी कर आयुष विवि शुरू किए जाने की पुष्टि कर दी है। इस संबंध में 25 मई 2023 को जारी पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश में आयुष विवि प्रारंभ करने की कार्यवाई शुरू की जा चुकी है।

उक्त जानकारी भारत शासन के आयुष मंत्रालय की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने दी।

वह लंबे समय से प्रदेश में आयुष विवि शुरू करने की कोशिशें कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि यह विवि इंदौर में स्थापित हो क्योंकि प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में चिकित्सा और इंजीनियरिंग से जुड़े विश्वविद्यालय पहले से ही स्थापित हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सपनों के शहर और मध्यप्रदेश की व्यावसायिक एवं शैक्षणिक राजधानी, माँ अहिल्या की नगरी इंदौर में ही आयुष विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना श्रेयस्कर एवं हितकर होगा।

सांसद, मंत्री और विधायक भी प्रयासरत: डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इंदौर में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना को संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर तथा विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा भी आयुष विभाग (मप्र शासन) को पत्र लिखा जा चुका है। इस संबंध में सांसद शंकर लालवानी भी मुख्यमंत्री से कई बार चर्चा कर चुके हैं। डॉ. द्विवेदी स्वयं भी राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा संबंधित मंत्रालयों के मंत्रियों से इस बारे में लगातार चर्चारत रहे हैं।

# विश्व तम्बाकू दिवस पर हिंडालको महान की पहल पर 19 लोगों ने धूम्रपान और मदिरापान से किया तौबा

**भोपाल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हिंडालको महान ने बरहवा टोला में जागरूकता कार्यक्रम में 19 लोगों ने धूम्रपान न करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना था।इसमें समुदाय के सदस्यों को तंबाकू से दूर रहने की प्रेरणा दी गई।

हिंडालको महान के सी.एस. आर.विभाग से बीरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि हर वर्ष 80 लाख लोगो की मौत सिर्फ तम्बाखू द्वारा दिये गए कैंसर के कारण हो जाती है, आमजनों को धूम्रपान की आदत के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिनमें कई कैंसर रोग शामिल हैं। तंबाकू के सेवन से हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी, मसूढ़ों की समस्याएं और श्वसन समस्याएं भी हो सकती हैं। हिंडालको महान की पर्यावरण विभाग की टीम से विनोद कुशवाहा,मोहितेंद्र,व प्रदीप ने लोगो को जल संरक्षण, सिंगल यूज़ पालीथिन के प्रयोग न करने ,शाकाहारी भोजन शैली अपनाने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु जरूरी सलाह दी गई ।

इस कार्यक्रम में हिंडालको महान के इंजीनियर अनीता,श्वेता व कुलदीप ने भी लोगो स्वस्थ जीवनशैली की प्रशंसा करते हुए धूम्रपान से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई।विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हिंडालको महान के जागरूकता कार्यक्रम में 19 लोगों ने धूम्रपान न करने की शपथ ली।साथ ही हिंडालको महान ने नशाखोरी और धूम्रपान को छोड़ने वाले 19 व्यक्तियों को पुरस्कृत भी किया। इस घोषणा के साथ, हिंडालको महान ने धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों को जागरूकता फैलाने और नशाखोरी से मुक्ति प्राप्त करने के प्रयासों को समर्थन दिया है। कार्यक्रम में लोगो ने अपनी तम्बाखू की डिबिया सौपते हुये 19 लोगो ने जीवन के लिए जहर के रूप में उपस्थित तम्बाखू को अपने घर से बाहर का रास्ता दिखाया वही नशे का परित्याग करने वाले इन उन्नीस लोगो नई शर्ट पुरस्कार के रूप में दी गई । कार्यक्रम के माध्यम से, हिंडालको महान ने सोसाइटी को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है जो धूम्रपान और नशाखोरी की आदतों से निपटने के लिए उपाय मौजूद हैं और इसमें सफलता प्राप्त की जा सकती है।इस पुरस्कार के माध्यम से प्रोत्साहित होने वाले व्यक्तियों को अग्रिम व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया और उन्हें समाज के बाहर भी प्रेरित करने का उत्साह प्रदान किया जाएगा। हिंडालको महान की यह पहल एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश है जो धूम्रपान और नशाखोरी की समस्या से जूझ रहे व्यक्तियों को समर्थन दिया है।

# राग भोपाली में भोज फूड फेस्टिवल और हैंडीक्राफ्ट मेले का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भोपाल गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने महापौर मालती राय व अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में भोज फूड फेस्टिवल एवं हैण्डीक्राफ्ट मेले का शुभारंभ किया। मंत्री सिंह ने इस अवसर पर भोपाल गौरव दिवस के तहत गुरूवार की सायं मोतीलाल स्टेडियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में सम्मिलित होने की अपील की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर आशीष सिंह, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी, महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी, श्रीमती सुषमा बावीसा, जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। नगरीय विकास एवं आवास तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बुधवार की सायं महापौर मालती राय एवं अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में बिट्टन मार्केट में भोज फूड फेस्टिवल एवं 10 नंबर मार्केट स्थित राग भोपाली में हैण्डीक्राफ्ट मेले का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया तथा विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान हस्तशिल्प कलाकारों सहित अन्य स्टाल संचालकों से उनके उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न कलाकारों के हस्तशिल्प कला की सराहना भी की।

# गौरव दिवस

## रोशन हुई राजधानी...चमके गली- चौबारे















भोपाल के गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शहर की गलियों में घूमे, सफाई अभियान चलाया और लोगों को जागरूक किया। कई लोगों के घर भी गए और परिजनों से बातचीत की। इस मौके पर उनके साथ मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, बीडीए अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी सहित अनेक भाजपा एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।











सम्पादकीय

# आंसुओं की गंगा.. चुप्पी और ठहाके

क्या वाकई हमारे देश के लिए मैडल लाने वाले खिलाड़ियों के प्रति जनता की कोई संवेदना नहीं है? क्या वास्तव में मैडल लाने वाले पहलवान अपने मैडल गंगा में बहा दें, तो देश की जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा? क्या वास्तव में देश के लिए कई गोल्ड मेडल लाने वाले पहलवानों के बहते आंसुओं से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता?

बिल्कुल ऐसा ही लग रहा है। गोल्ड जीत कर आए, तब देश फक्र कर रहा था। तब मिठाइयां बंट रही थीं। मीडिया में उनके किस्सों से सराबोर था। सरकारें ऐलान पर ऐलान किए जा रही थीं। और आज, उनमें से तमाम मैडलिस्ट अपने मेडल हाथ में पकड़े रो रहे हैं। गंगा में बहा देने की बात कर रहे हैं। कुछ खास नहीं हो रहा? वही सरकार कानों में उंगली डाले हुए है, जिसने इन्हें शाबासी दी थी। क्या एक व्यक्ति सरकार के लिए इतना महत्वपूर्ण हो गया कि उसके लिए दर्जनों मैडल जीतने वाले शून्य हो गए। क्या कुश्ती संघ के एक सर्वेसर्वा का इतना दबदबा है



कि देश के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाली महिला पहलवानों की आवाज़ सरकार के कानों तक पहुँच ही नहीं पा रही है? और, क्या एक झूठी रिपोर्ट तक पर जो पुलिस हवालात भेज दिया करती है, वैसे ही मामले में जांच तक की बात नहीं की जा रही। जांच के नाम पर केवल समय काटा जा रहा है।

पुलिस उन खिलाड़ियों पर तो लाठियाँ बरसा रही है, लेकिन कुश्ती संघ के आरोपी अध्यक्ष (अब पूर्व) के खिलाफ निष्पक्ष जांच तक के लिए कोई तैयार नहीं है।

वह अट्टहास कर रहा है। पहलवानों के आंसुओं पर फूहड़ता की हद तक हंस रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही। खुले आम कानून को चुनौती दे रहा है। कोर्ट को चुनौती दे रहा है। इस सब से थक हार कर, और पुलिस के अत्याचार से परेशान होकर, महिला पहलवानों ने अपने सारे मेडल गंगा में बहा देने का निर्णय ले लिया। लगभग कई चोटियों के खिलाड़ियों ने इसे आश्चर्यजनक बताया। कुछ दलों ने इसे सरकार की हेकड़ी का दुष्परिणाम बताया, लेकिन सरकार के पक्ष वाले दल के पदाधिकारी और कुछ सांसद कहते रहे कि गंगा में मेडल बहाने का निर्णय खुद पहलवानों का है। उन्हें कौन रोक सकता है। उनकी मर्ज़ी है- वे अपने मेडलों को घर में सजाएं या गंगा में बहाएँ। क्या आश्चर्य नहीं होता ऐसे बयानों पर? ये बात और है कि कुछ लोगों ने खुद इनीशिएटिव लेकर मेडलों को बहाए जाने से रोक लिया।

आखिर क्या हो गया है हमारे तंत्र को? याद होगा मेडलों को गंगा में बहाने का निर्णय दरअसल, महानतम मुक्केबाज़ मुहम्मद अली के कदमों पर चलने जैसा है। मुहम्मद अली की बायोग्राफ़ी के अनुसार एक बार उन्हें एक रेस्त्रां में घुसने नहीं दिया गया था। यह रेस्त्रां गोरे लोगों के लिए बना था। मुहम्मद अली इस तरह के नस्लवाद के सख्त खिलाफ़ थे। आखिरकार रोम ओलंपिक से लौटने के कुछ समय बाद ही उन्होंने अपना गोल्ड मेडल ओहियो नदी में फेंक दिया था।

आखिर ऐसा क्या है कि भारतीय पहलवानों के इस मामले में महीनों से न्याय नहीं हो पा रहा है? सुप्रीम कोर्ट तक ने हस्तक्षेप किया, लेकिन न तो पहलवानों पर पुलिस का अत्याचार कम हुआ और न ही सरकार ने इनकी कोई बात सुनी। उल्टे आरोपी कुश्ती संघ के सर्वेसर्वा अपने पक्ष में कभी साधुओं को लामबंद कर रहे हैं तो कभी वे पहलवानों के आंसुओं का खुलेआम मज़ाक़ उड़ा रहे हैं। और हमारा देश...? और आंख, कान, मुंह बंद करे बैठी जनता? अपनी बेटियों की बात को अनसुना करना इस जनता के लिए क्या ठीक होगा? कम से कम सही जांच की बात तो उठना ही चाहिए। यह वही जनता है, जिसने एक बेटी की निर्मम हत्या पर पूरे विश्व को सर पर उठा लिया था। आज आश्चर्यजनक चुप्पी साधे बैठी है।

और हमारी अधिकांश मीडिया? वो भी खिलखिला रही है। चरणवंदना में जुटी है। चारण गीत गा रहे हैं। इस मामले को कभी जाट बनाम राजपूत वाली राजनीति कहा जा रहा है, तो कभी सरकार के खिलाफ विपक्ष की साजिश? लेकिन क्या किसी की अपनी बेटी के साथ इस तरह का यौन शोषण हो, तो वह चुप बैठ सकता है? क्या यह वही देश है, जहां नारी की पूजा की बात की जाती है? क्या वही हजारों पुरानी सभ्यता का एक अंश भी यहां बचा है? क्या हम इसी तरह विश्व गुरू बनने की कल्पना किए जा रहे हैं? अपनी बच्चियों के आंसुओं पर हंसने और चुप रहने की सजा भी मिलेगी। कब? यह नहीं कहा जा सकता, परंतु वक्त माफ नहीं करेगा।

# सुनी सुनाईः नरोत्तम अब संकटमोचक नहीं!

**रवीन्द्र जैन**

मप्र की शिवराज सरकार में लंबे समय तक संकटमोचक की भूमिका निभाने वाले मप्र के गृहमंत्री



नरोत्तम मिश्रा अब संकटमोचक की भूमिका में नजर नहीं आ रहे हैं। नरोत्तम मिश्रा इंदौर के प्रभारी हैं। पिछले दिनों इंदौर के भाजपा नेताओं ने सत्ता और संगठन पर हमले किये। लेकिन नरोत्तम मिश्रा खामोश रहे। इस सप्ताह भोपाल में आयोजित प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भी नरोत्तम मिश्रा दूर दूर तक दिखाई नहीं दिये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष पूरे होने पर भोपाल में पत्रकारों के साथ संवाद कार्यक्रम में संगठन के सभी प्रवक्ता बुलाये गये, लेकिन राज्य सरकार के अधिकृत प्रवक्ता होने के बाद भी नरोत्तम मिश्रा को नहीं बुलाया गया। जबकि वे भोपाल में मौजूद थे। पहले मप्र में सत्ता या संगठन के हर संकट को टालने नरोत्तम मिश्रा को आगे किया जाता था। लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि नरोत्तम मिश्रा से संकटमोचक का तमगा छीन लिया गया है।

**मंत्री और कलेक्टर का एक ही दलाल!**

मप्र के एक छोटे से जिले से विधायक चुनकर आये नेताजी जातिगत समीकरण के आधार पर बड़े विभाग के मंत्री बन गये। भोपाल के एक वकील को उन्होंने विभाग की दलाली सौंप रखी है। इस वकील ने मंत्रीजी को अच्छी खासी कमाई करवा दी है। मंत्रीजी के जिले में पदस्थ कलेक्टर ने भी दलाली की दूकान खोल ली और दलाली का ठेका इसी वकील को दे दिया है। पिछले दिनों एक सरकारी अफसर ने लिखित में कलेक्टर की अड़ीबाजी की शिकायत की तो इस पूरे दलाली के नेटवर्क से पर्दा उठने लगा है। मंत्रीजी और कलेक्टर के इस खुलेआम दलाली के किस्से भाजपा के प्रभारियों तक पहुंच गये हैं। अब चर्चा है कि मंत्रीजी का टिकट कटना और कलेक्टर को लूपलाइन भेजना तय हो गया है।

**बजरंगबली पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यालय**

हेडिंग पढ़कर चौंकिए मत। एक युवक सात फीट



के बजरंगबली का भेष धारण करेगा। इसके लिए दक्षिण भारत से विशेष वेषभूषा बुलाई गई है। भगवान राम के नारे लगायेगा। भगवा रैली के साथ नाचते गाते भोपाल के कांग्रेस कार्यालय पहुंचेगा। यह संदेश देने की कोशिश होगी कि मप्र में बजरंगबली कांग्रेस के साथ हैं। यह सब कुछ 6 जून को भोपाल में होने वाला है। अभी तक भाजपा को राजनीतिक लाभ पहुंचाने वाली बजरंग सेना ने अगले चुनाव में कांग्रेस का साथ देने का मन बना लिया है। इन्हें कांग्रेस में लाने का काम भाजपा से कांग्रेस में आए दीपक जोशी कर रहे हैं। तय हुआ है कि भोपाल के लिंक रोड़ नम्बर एक स्थित झरनेश्वर हनुमान मंदिर पर बजरंग सेना के लोग एकत्रित होंगे। यहां सुन्दर कांड और हनुमान चालीसा का पाठ होगा। यहीं से भगवा रैली शुरु होगी। कमलनाथ स्वयं कांग्रेस कार्यालय पर इस भगवा रैली का स्वागत करेंगे। रैली में शामिल नेता कमलनाथ को असली राम व हनुमान भक्त बताएंगे। मप्र में चुनाव के लिए इसे कांग्रेस का साफ्ट हिन्दुत्व कार्ड बताया जा रहा है।

**गोपाल भार्गव की नाक के नीचे इतना बड़ा भ्रष्टाचार**



क्या यह संभव है कि मप्र के वरिष्ठ मंत्री गोपाल भार्गव की नाक के नीचे उनके गृहनगर में इतना बड़ा भ्रष्टाचार हो जाए और उन्हें इसकी भनक भी न लगे! गढाकोटा में कन्यादान योजना में 1850 जोड़ों को नकली टीवी सेट थमा दिये गये। मजेदार बात यह है कि यह टीवी सेट गढाकोटा के ही एक रेस्टारेंट संचालक से खरीदे गये। कलेक्टर के आदेश पर सप्लायर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लेकिन एक सवाल हवा में तैर रहा है कि जिस गढाकोटा में गोपाल भार्गव के बिना पत्ता नहीं हिलता, वहां प्रशासन की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि एक मामूली रेस्टारेंट संचालक से 1850 नकली टीवी सेट खरीदकर वितरित कर दिये! कन्यादान योजना की हर तैयारी पर नजर रखने वाले मंत्रीजी को जब पता था कि इतने अधिक संख्या में टीवी सेट एक रेस्टारेंट संचालक से खरीदे जा रहे हैं तो उन्होंने किसी अधिकृत कंपनी से खरीदने की सलाह क्यों नहीं दी?

**आईएएस अफसरों के लिए हाऊसिंग बोर्ड बदलेगा नियम**

मप्र हाऊसिंग बोर्ड भोपाल के तुलसी नगर में तुलसी ग्रीन नाम से तीन शानदार आवासीय टावर बनाने जा रहा है। यह टावर 25 मंजिला होंगे। तीनों टावर में कुल 126 फ्लेट बनाये जा रहे हैं। शहर के पॉश इलाके में बनने वाले इन टावर पर आईएएस अफसरों की नजर लग गई है। अफसर चाहते हैं कि इन तीन में से एक टावर ऐसा हो जिसमें सिर्फ आईएएस अफसर ही रहें। नियमानुसार हाऊसिंग बोर्ड ऐसा नहीं कर सकता। यही कारण है कि आईएएस एसोसिएशन को आगे किया गया है। एसोसिएशन की ओर से पत्र लिखकर हाऊसिंग बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है कि एक पूरा टावर आईएएस अफसरों के लिए आवंटित किया जाए। ऐसा करने के लिए हाऊसिंग बोर्ड को नियम बदलने पड़ सकते हैं। तय है कि मप्र की ताकतवर आईएएस लॉबी आसानी से नियम बदलवा लेगी। लेकिन सवाल यह है कि हाऊसिंग बोर्ड सिर्फ आईएएस अफसरों के लिए नियम बनाएगा या आम लोगों के लिए भी यह नियम लागू होंगे?

**भाजपा छोड़ने की तैयारी में कटनी के चार पूर्व विधायकः** कटनी एकमात्र जिला है जहां भाजपा के चार पूर्व विधायक पार्टी छोड़ने की चेतावनी दे रहे हैं। इन सभी की नाराजगी इस बात पर है कि सत्ता और संगठन में कांग्रेस से आये संजय पाठक की ही पूछ परख होती है। पूर्व मंत्री अलका जैन और पूर्व विधायक ध्रूवप्रताप सिंह ने तो वीडियो जारी करके घोषणा कर दी है कि उन्हें उचित विकल्प मिलते ही वे पार्टी छोड़ देंगे। इनके अलावा पूर्व विधायक गिरिराज पोद्दार और सुकीर्ति जैन भी भाजपा में खुश नहीं हैं। इन दोनों नेताओं की शिकायत है कि संगठन में उन्हें काम तो छोड़िये सम्मान भी नहीं मिल रहा है। मजेदार बात यह है कि यह चारों नेता अकेले पार्टी नहीं छोड़ेंगे। इनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ता भी भाजपा छोड़ सकते हैं।

**और अंत में...!**

यह गजब संयोग है कि मप्र में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल चुनावी शंखनाद महाकौशल से करने जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी 12 जून को जबलपुर में बड़ी सभा करने जा रही हैं। इस सभा के जरिये कांग्रेस संदेश देने की कोशिश करेगी कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के जाने के बाद मप्र में कांग्रेस में अब कोई गुट नहीं है। सभी नेता एकजुट हैं। दूसरी ओर भाजपा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम जबलपुर में करने की तैयारी शुरु कर दी है। हालांकि यह कार्यक्रम सरकारी होगा। लेकिन इसका राजनीतिक फायदा भाजपा को मिले, यह प्रयास शुरू हो गये हैं। कांग्रेस और भाजपा ने चुनावी शंखनाद के लिये जबलपुर को ही क्यों चुना यह पड़ताल का विषय है।

# संस्कारवान भारत देश, दल और सम्मानित विभूतियाँ

**-राकेश दुबे**

75 की आज़ादी में भारत ने और कुछ खोया-पाया न हो सभ्यता के रूप में परिभाषित संस्कार ज़रूर खो दिए है, कितनी विचित्र विडंबना थी कि जिस समय देश की नयी संसद देश को समर्पित करने की प्रक्रिया चल रही थी, उसी दौरान दिल्ली पुलिस जंतर-मंतर पर धरना दे रहे देश का मान बढ़ाने वाले पहलवानों व उनके समर्थकों को बलपूर्वक हटा रही थी। इसके मूल में महिला पहलवानों के साथ हुई अभद्रता है। वो भी उस व्यक्ति द्वारा जिसके राजनीतिक दल के दर्शन में नारी को देवी के रूप में सम्मान उल्लेखित है।

इतना ही नहीं, इन महिला और पुरुष पहलवानों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। दूसरी ओर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग जहां की तहां है । इन नामचीन पहलवानों ने पुलिस पर बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने देर रात महिला पहलवानों विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व संगीता फोगाट को छोड़ दिया था । दरअसल, महिला पहलवानों के समर्थन में हुई खाप पंचायत ने नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन वाले दिन दिल्ली में महिला महापंचायत करने का आह्वान किया था, जिसे चुनौती मानते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पुलिस की दलील थी कि जिन लोगों ने बैरिकेड तोड़कर आगे जाने की कोशिश की उन्हें हटाकर दूसरी जगह ले जाया गया। इस कार्रवाई के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन का आह्वान किया था। बाद में किसानों ने चेताया कि आगामी पंचायत में पहलवानों का मुद्दा शामिल किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि महिला पहलवानों ने इस मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की थी। विडंबना यह है कि केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिससे पिछली 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों को संबल मिल सके।

इस साल की शुरुआत में भी पहलवानों ने दबंग सांसद व कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया था, जिस पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण, वित्तीय अनियमितताओं, बुरे व्यवहार से जुड़े गंभीर आरोप लगाये थे। यह भी कि वह महिला पहलवानों की निजी जिंदगी में दखल देते हैं और परेशान करते हैं ।तब बृजभूषण शरण सिंह ने भी दलील दी थी कि यदि यौन शोषण के आरोप सत्य साबित होते हैं तो वे फांसी पर लटकने को तैयार हैं। जनवरी में पहली बार हुए धरने के बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से मुलाकात करके जांच के लिये पांच सदस्यीय निरीक्षण समिति बनाने की घोषणा की थी। मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त भी शामिल थे। बाद में पहलवान बबीता फोगाट को भी इस समिति में शामिल किया गया था। लेकिन सवाल उठे कि छह हफ्ते में रिपोर्ट देने की बाध्यता के बावजूद तीन महीने बाद भी जांच और उसके निष्कर्ष सामने क्यों नहीं आये? पहलवानों ने जब दूसरी बार धरना दिया उसके बाद पुलिस में भी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत की गई। बाद में शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की। सवाल सरकार की संवेदनहीनता को लेकर हैं। आखिर क्यों केंद्र सरकार छह बार के सांसद रहे दबंग भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई से कतरा रही है? क्या पहलवानों के पास वे साक्ष्य हैं, जो साबित कर सकें कि बृजभूषण शरण सिंह दोषी है? वैसे तो देश के लिये विश्व स्पर्धाओं में पदक जीतने वाली महिला पहलवानों के धरने पर बैठने की नौबत नहीं आनी चाहिए थी। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम का देश में अच्छा संदेश नहीं गया। कमोबेश यही स्थिति विश्व में भारत की छवि को लेकर भी है। आखिर क्यों समय रहते खिलाड़ियों की बात को संवेदनशील ढंग से सुनकर नीर-क्षीर विवेक से न्याय करने की कोशिश नहीं की गई?

# राजवाड़ा-2-रेसीडेंसीः हमारे नेता कमलनाथ...पर हम पर भरोसा तो करो

**अरविंद तिवारी**

लंबे समय से टल रही मध्यप्रदेश के कांग्रेस नेताओं



की बैठक आखिरकार दिल्ली में हो ही गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में हुई इस बैठक में मौजूद नेताओं ने एक स्वर में कहा कि हमें कमलनाथ का नेतृत्व मंजूर है और इन्हीं की लीडरशिप में चुनाव लड़ा जाना चाहिए।

यहां तक तो ठीक था, इसके बाद सभी नेताओं ने एक स्वर में यह भी कहा कि हम सब कमलनाथ के साथ हैं, पर उन्हें हम पर भरोसा करना होगा और सबको साथ लेकर चलना होगा। बैठक का यह नजारा खुद कमलनाथ के लिए चौंकाने वाला था। वह इसलिए कि संभवत- उनकी मौजूदगी में पहली बार इस तरह का संवाद प्रदेश के नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व से किया।

**'सरकार' भी मान रहे हैं कि कहीं चूक तो हुई है**

बीते सप्ताह तेज आंधी के दौरान महाकाल लोक परिसर में जो नजारा देखा गया उसने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वाहवाही बटोरने के लिए ताबड़तोड़ जो काम किया जाता है, वह परेशानी का कारण बनता ही है। जितनी चर्चा देश में महाकाल लोक के आकार लेने के बाद हुई थी, उससे ही थोड़ी कम-ज्यादा सप्तऋषि मंडल के तहस-नहस होने के बाद चल पड़ी। अफसर जवाब देते-देते परेशान हैं और 'सरकार' को भी यह मानना पड़ रहा है कि कहीं न कहीं चूक तो हुई है। इसके लिए जिम्मेदार कौन है यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन अभी तो वे सब लोग बहुत सक्रिय हो गए हैं, जिन्होंने महाकाल लोक के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार और गुणवत्ता को लेकर समय-समय पर मुखरता दिखाई थी।

**वीडी शर्मा की घेराबंदी, हितानंद की बल्ले-बल्ले**

भाजपा में संगठन महामंत्री का अपना एक अलग जलजला रहता है। कृष्णमुरारी मोघे से शुरू हुआ यह



सिलसिला कप्तानसिंह सोलंकी, माखनसिंह, अरविंद मेनन, सुहास भगत तक होते हुए अब हितानंद पर आ टिका है। संगठन कैसे चलेगा यह तो संगठन महामंत्री तय करते ही हैं, लेकिन सरकार के काम में भी उनकी दखलंदाजी रहती है।

इसके बावजूद वे सेफ जोन में ही रहते हैं। ताजा दौर में पार्टी का ही एक धड़ा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की घेराबंदी में लगा है। इस धड़े का तो यह भी मानना है कि अध्यक्ष जल्दी ही विदा कर दिए जाएंगे, लेकिन इस उठापटक में हितानंद की बल्ले-बल्ले है। अध्यक्ष हटे या रहें उनकी सेहत पर कोई असर पडने वाला नहीं है।

**चुनावी साल-लोक और बोर्ड के मायाजाल में उलझी सरकार**

मध्यप्रदेश में इन दिनों सरकार लोक और बोर्ड में उलझी हुई है। पिताम्बरा लोक, परशुराम लोक, सलकनपुर लोक और न जाने कितने लोक। इसी तरह जातीय संतुलन को साधने के लिए रोज नए बोर्ड बनाने की घोषणा हो रही है। लोक और बोर्ड का यह मायाजाल विधानसभा चुनाव में कितना चमत्कार दिखा पाएगा, यह तो वक्त ही बताएगा।

साढ़े 19 साल के शासन के बाद भी यदि किसी राजनीतिक दल को इन सब बातों का सहारा लेना पड़ रहा है, तो साफ है कि कहीं-न-कहीं गड़बड़ तो हुई है। वैसे 10 साल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अक्सर यह कहा करते हैं कि चुनाव विकास से नहीं जीते जाते हैं। उनकी यह बात शायद शिवराज जी को पसंद आ गई।

**प्रधानमंत्री तक पहुंचा इंदौर के कारोबारी से अड़ीबाजी का मामला**

इंदौर के एक कारोबारी को चौथ वसूली के लिए भाजपा के एक जिम्मेदार पदाधिकारी द्वारा धमकाने का मामला प्रधानमंत्री तक पहुंच गया। इस मामले में केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय हुईं और उन्होंने धमकी देने वाले पदाधिकारी की पूरी कुंडली बनाकर दिल्ली पहुंचा दी। दरअसल मामले को इसलिए गंभीरता से लिया गया कि बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना साहब के माध्यम से बात प्रधानमंत्री तक पहुंची थी। परेशान कारोबारी ने अपना दुखड़ा सैयदना साहब को सुनाया था और इसी के बाद बात आगे बढ़ी। वैसे मध्यप्रदेश और खासकर इंदौर में सत्ता और संगठन से जुड़े नेताओं की अड़ीबाजी और चौथ वसूली कोई नया मामला नहीं है।

**जहां धनी-धोरी नहीं वहां कागजों पर ही हो गया सेक्टर मंडलम का खेल**

2018 के विधानसभा चुनाव के पहले राहुल गांधी के खासमखास दीपक बाबरिया ने मध्यप्रदेश के सेक्टर और मंडलम के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। बात ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाई और थोड़े ही दिन बाद बाबरिया मध्यप्रदेश से बेदखल हो गए। इसके बाद संगठन को मजबूत करने में लगे कमलनाथ ने अपने खासमखास एनपी प्रजापति को यह काम सौंपा। वे भी अच्छा नतीजा नहीं दे पाए, तो फिर अशोक सिंह को मोर्चे पर लगाया गया। जैसे-तैसे उन्होंने इस काम को आगे बढ़ाया, लेकिन ज्यादा सफल नहीं हो पाए, जहां कांग्रेस के विधायक हैं, यानि करीब 100 विधानसभा क्षेत्रों में। बाकी 130 विधानसभा क्षेत्रों में इसका कोई धनी-धौरी है नहीं और कागजों पर ही खेल हो रहे हैं।

असर दिखने लगा है जयवर्धनसिंह की दस्तक का

दिग्विजय सिंह उन विधानसभा क्षेत्रों में दस्तक दे रहे हैं, जहां कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। मध्यप्रदेश की सियासत में मजबूती से पांव जमा चुके उनके बेटे जयवर्धन सिंह को पार्टी ने इंदौर और उज्जैन का जिम्मा सौंपा है। दोनों जगह कांग्रेस कितनी गहरी है और क्या संभावना है, यह जयवर्धन को पता करना है। वे एक बार इंदौर आ चुके हैं और कई नेताओं के यहां दस्तक दे दी है। उनकी राजी-नाराजी भी समझ ली है। जल्दी ही वे फिर इंदौर आएंगे और दो-तीन दिन यहीं रुककर यह समझने की कोशिश करेंगे कि आखिर इंदौर में कांग्रेस मजबूत कैसे हो सकती है।

**चलते-चलते**

बंटी और बबली के किस्से तो आपने बहुत सुना होगा लेकिन मंत्रालय वल्लभ भवन में इन दिनों बंटी और बाबू बहुत चर्चा में है। यह दोनों अपर मुख्य सचिव स्तर के दो अफसरों के लिए लेन-देन का काम करते हैं। इनके बिना दोनों अफसरों के विभाग में पता नहीं खड़कता है। जरा पता कीजिए आखिर यह दो अपर मुख्य सचिव है कौन।

**पुछल्ला**

जिस अंदाज में इंदौर में रियल इस्टेट के कारोबारियों ने इंदौर रियलटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले बड़ा कार्यक्रम कर डाला। उससे यह तो साफ हो गया कि यह नई संस्था क्रेडाई और नरेडको जैसी रियल इस्टेट कारोबारियों की बड़ी और पुरानी संस्थाओं से आगे निकल गई है। यह संस्था नेशनल रियलटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानि एनएआर से जुड़ी हुई है, जिसके देशभर में 55 चेप्टर हैं। इस सफल और चर्चित आयोजन का श्रेय भूपेन्द्र जोशी और शैलेन्द्र दर्डा के खाते में जाता है।

**बात मीडिया की**

खोजी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार सुनील सिंह बघेल के दैनिक भास्कर को अलविदा कहने की खबर आ रही है। बघेल का अगला मुकाम क्या होगा, इस पर सबकी नजर है। वैसे उनके भास्कर को अलविदा कहने का कारण किसी को समझ नहीं आ रहा है।

प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में समान दखल रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार और इंदौर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी इंदौर में राज एक्सप्रेस के संपादक हो गए हैं। एक समय प्रदेश में चर्चा में रहे राज एक्सप्रेस की री-लांचिंग की तैयारी है। इंदौर में एक बड़ी टीम के साथ काम शुरू हो गया है।

जागरण समूह अब नईदुनिया और नवदुनिया पर बहुत फोकस कर रहा है। पिछले दिनों विष्णु त्रिपाठी की मौजूदगी में भोपाल में एक बड़ी बैठक हुई और इसी दौरान त्रिपाठी संपादकीय विभाग के सभी जिम्मेदार लोगों से एक जूम मीटिंग के माध्यम से वन-टू-वन भी हुए और फीडबैक लिया।

अनेक न्यूज चैनल में महत्वपूर्ण किरदार में रहे वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण दुबे का न्यूज चैनल जून के पहले पखवाड़े में ऑनएयर हो जाएगा। दुबे ने ठोस वित्तीय प्रबंध और मजबूत टीम के साथ कदम आगे बढ़ाए हैं।

काफी दिन अवकाश पर रहने के बाद नईदुनिया के सिटी चीफ जितेन्द्र यादव वापस ड्यूटी पर आ गए हैं। सुनने में आ रहा है कि स्वास्थ ठीक न होने के कारण उन्होंने कुछ दिन अखबार से दूरी बना ली थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# भाजपा-संघ का इंटरनल सर्वे है..60 सीट भी नहीं मिलने वाली, इंदौर में पूर्व मंत्री का दावा

## प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा था- 200 सीटें जीतेंगे

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने इंदौर में बुधवार को दावा किया था कि इस बार भारतीय जनता पार्टी 200 सीट पार करेगी। शर्मा के इस बयान के बाद पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने पलटवार किया है। वर्मा ने कहा कि इस बार भाजपा को 60 सीट के भी आसार नहीं है। ये मैं नहीं कह रहा हूं, बीजेपी-संघ का इंटरनल सर्वे कह रहा है। वर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनता चाहती है मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आए। भाजपा ने पिछली बार भी ये ही सपना देखा था जो चूर-चूर हो गया। उस समय भी ये ही नारा था और अब फिर वो ही नारा दोबारा लेकर आ गए हैं अबकी बार 200 पार। खुद का सर्वे आ रहा है, उसमें 60-65 सीट मुश्किल से जीत रही है। आरएसएस और बीजेपी का ये इंटरनल सर्वे है।




मध्यप्रदेश की सत्ता का रास्ता मालवा-निमाड़ की 66 सीट से होकर गुजरता है, जिसमें इंदौर संभाग की 37 और उज्जैन संभाग की 29 सीटें शामिल हैं। इस बार कांग्रेस मालवा-निमाड़ में कितनी सीट जीतेगी इस सवाल के जवाब में वर्मा ने कहा कि मालवा-निमाड़ में हम भाजपा से 5 सीट ज्यादा जीतेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सर्वे के आधार पर ही राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में 150 सीट जीतने की बात कही हैं। तीन टीमों ने अलग-अलग सर्वे किया है।

बुधवार को मीडिया से चर्चा में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि सपने देखकर राहुल गांधी मध्यप्रदेश में 150 सीट घोषित कर रहे हो तो उन्हें मुबारक है। मध्यप्रदेश भाजपा संगठन का गढ़ है। हमने नारा दिया है अब की बार 200 पार।

भाजपा नेताओं की नाराजगी पर वीडी शर्मा का कहना है कि बीजेपी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। हम मनुष्य हैं। थोड़ी बहुत बातें उठ सकती हैं। मैं ये नहीं कहता हम बिल्कुल आइडियल हैं। कहीं अगर ऐसी समस्या है तो पूरा नेतृत्व है, मिलकर उसका समाधान निकाल लेंगे। चिंता करने वाली कोई बात नहीं है।

20 साल में भाजपा को सबसे बड़ा नुकसान मालवा-निमाड़ में हुआ था

2018 के चुनाव में मालवा-निमाड़ की सीटों के आंकड़ों की बात करें तो दोनों संभाग (इंदौर-उज्जैन) में 20 साल में इतना बड़ा नुकसान भाजपा को कभी नहीं हुआ। इंदौर-उज्जैन संभाग की 66 सीटों में से भाजपा को 2018 के चुनाव में मात्र 28 सीटें ही मिली, जबकि 2013 के चुनाव में 57 सीटें जीती थीं।

भाजपा को यहां सीधे 29 सीटों का नुकसान हुआ। इंदौर संभाग में पांच साल में ही भाजपा की 18 सीट तो उज्जैन संभाग में 11 सीटें कम हो गई। 2013 में इंदौर संभाग में 37 में से 29 सीटें भाजपा को मिलीं। कांग्रेस के पास 8 सीट थी। उज्जैन संभाग में 29 में से 28 सीट बीजेपी के पास थी, सुवासरा को छोड़कर। एक सीट कांग्रेस के पास थी।

2018 में कांग्रेस ने मालवा-निमाड़ में 35 सीट जीती थी। दो बागी जो कांग्रेस के थे, उनके समर्थन के बाद सीटों का आंकड़ा 37 हो गया। 2018 में इंदौर संभाग की 37 सीट में से भाजपा को 11 मिली, कांग्रेस ने 26 सीट (एक निर्दलीय) जीती थी।

वहीं 2020 में कांग्रेस विधायकों के भाजपा में आने के बाद हुए सत्ता परिवर्तन से मालवा-निमाड़ की सीटों का आंकड़ा भी बदल गया है। बदलाव भाजपा के लिए फायदे वाला रहा। 66 सीटों में से अब भाजपा के पास 33 और कांग्रेस के पास 30 सीटें हैं। 3 निर्दलीय विधायक हैं।

प्रदेश की कुल 47 आदिवासी आरक्षित सीटों में से 22 मालवा-निमाड़ में

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दल आदिवासी वोटरों को अपनी तरफ करने के लिए इस बार भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। मालवा-निमाड़ में उनका ज्यादा फोकस है, क्योंकि मध्यप्रदेश की कुल 47 आदिवासी आरक्षित सीटों में से 22 सीट मालवा-निमाड़ में हैं।

पिछली बार इन सीटों में से 14 कांग्रेस और 7 सीट भाजपा ने जीतीं थी। खरगोन जिले की भगवानपुरा सीट से निर्दलीय केदार चिड़ाभाई डावर विधायक चुने गए थे, हालांकि उनका झुकाव कांग्रेस की तरफ ही रहा है। मनावर सीट से जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) के संरक्षक डॉ.हीरालाल अलावा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे।

उन्होंने पूर्व मंत्री रंजना बघेल को चुनाव हराया था। आदिवासी सीटों पर लगातार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का मूवमेंट बना हुआ है। दोनों आदिवासी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए कई दौरे अभी तक क्षेत्र में कर चुके हैं।




भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लालघाटी के दुर्गा नगर क्षेत्र में जिन बहनों के नाम योजना में आए हैं सभी के घर घर जाकर के शुभकामनाएं प्रेषित की एवं सभी बहनों से मिले। इस दौरान प्रेस फोटोग्राफर पृथ्वीराज सिंह के निवास पर भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग एवं पूर्व महापौर, भाजपा नेता आलोक शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



भोपाल के स्वतंत्रता दिवस ( भारत वर्ष में विलय ) के अवसर पर चौक बाजार में झंडा फहराया गया।

### विकास के साथ जन-जन को जोड़ने वाली धर्म-संस्कृति को बढ़ावा देना सरकार का दायित्वः शिवराज सिंह चौहान

# सलकनपुर में 211 करोड़ की लागत के भव्य देवीलोक का शिलान्यास, साधु-संत और महंत बने साक्षी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सलकनपुर में 211 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले विजयासन माता के भव्य देवीलोक का शिला-पूजन किया। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों के साथ जन-जन को जोड़ने वाली धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देना भी सरकार का उत्तरदायित्व है।

सलकनपुर में देश भर के मठ, मंदिर, शक्तिपीठ, अखाड़ों के साधु, संत, महंत और पुजारियों की उपस्थिति में भव्य देवीलोक निर्माण के भूमि-पूजन में लगभग एक लाख श्रद्धालु साबने। प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, कृषि मंत्री कमल पटेल सहित विधायक, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी साधना सिंह, पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री चौहान ने अपार जन-समूह के साथ माँ की स्तुति भी की। उन्होंने कहा कि यह माता का आशीर्वाद ही है कि बहन-बेटियों को गलत नजर से देखने और उनके साथ गलत करने वालों को सरकार ने फांसी देने का कानून बनाया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार माता का भव्य देवीलोक उनके ही आशीर्वाद से बनवा रही है। माँ का ही आशीर्वाद है जो उनकी सरकार ने बहनों के सम्मान और छोटी-छोटी जरूरतों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई। उन्होंने नारियों के सम्मान को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण और सम्मान के लिए लाड़ली लक्ष्मी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहित अनेक योजनाएं संचालित की हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैया के मंदिर परिसर में 166 करोड़ रुपए से मंदिर संरचनाओं के साथ ही 64 योगिनी, नवदुर्गा के नौ स्वरूप की प्रतिकृति के साथ ही देवी महात्म,दुर्गा सप्तशती और विभिन्न शक्तिपीठ की आकृतियों के निर्माण के साथ ही श्लोक उकेरे जायेंगे। मुख्यमंत्री ने देश के सभी शक्तिपीठ से आए जल और पवित्र मिट्टी का भी शिलाओं के साथ पूजन किया। यह सभी सामग्री देवीलोक के निर्माण में लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर के नीचे श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिये 45 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने माँ और साधु-संतों से प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। सांसद विदिशा रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया।

इसके पहले मुख्यमंत्री चौहान ने सलकनपुर में देवीलोक प्रदर्शनी और निर्माणाधीन महादेवी लोक के मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने मंच स्थल पर बनाई गई माता विजयासन मंदिर की प्रतिकृति के दर्शन किए। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ निकाली गई माता की रथ यात्रा में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सुसज्जित वाहन में सवार होकर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं का स्वागत किया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने के लिए उनका आभार माना। महोत्सव में हरियाणा से आए मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल के भजनों ने समां बांधा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आई ढोल, नगाड़े, ताशे, झांझ और डमरू वादक दलों ने वादन कार्यक्रम में चार चांद लगाए।




महाकाल लोक में मूर्तियां खंडित होने के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने पार्टी पदाधिकारियों ने अनोखा प्रदर्शन किया।

### 20 लाड़ली लक्ष्मी आज जाएंगी बाघा-हुसैनी वाला बार्डर

भोपाल। माँ तुझे प्रणाम योजना में प्रदेश की 120 लाड़ली लक्ष्मी एक जून को बाघा-हुसैनी वाला बार्डर की अनुभव यात्रा पर जाएंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 12 बजे रवीन्द्र भवन से लाड़ली लक्ष्मियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। दोपहर 3:30 बजे दादर-अमृतसर एक्सप्रेस से रवाना होंगी। खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी उपस्थित रहेंगी। अनुभव यात्रा में जाने वाली लाड़ली लक्ष्मियाँ बाघा-हुसैनी वाला बार्डर (अमृतसर पंजाब), स्वर्ण मंदिर, जलियाँवाला बाग और रामतीर्थ का भ्रमण करेंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष निर्णय लिया गया था कि प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी बेटियाँ भी माँ तुझे प्रणाम योजना का हिस्सा बनेगी। वर्ष 2022 में 200 लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने बाघा बार्डर की यात्रा की थी।



भोपाल। वृक्ष मित्र सुनिल दुबे ने एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को दुर्लभ प्रजाति का पौधा भेंट किया।

### तीन दिवसीय पहली विजन जीरो समिट का हुआ समापन

# बच्चों में बचपन से ही ट्रैफिक सेंस डेवलप करना होगा: राजौरिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से भोपाल के होटल कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित की गई पहली 'विजन जीरो समिट' का बुधवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गृह विभाग के एसीएस डॉ. राजेश राजौरा ने कहा कि बिहेवियर चेंज से ही सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। हमें बच्चों में बचपन से ही सिविक और ट्रैफिक सेंस डेवलप करना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीटीआरआई के एडीजी ।जी. जनार्दन, परिवहन आयुक्त ।एस. के. झा, मैनिट के डायरेक्टर ।के. के. शुक्ला ने विचार व्यक्त किए। संचालन मैनिट के प्रोफसर ।राहुल तिवारी ने किया। आभार मैनिट के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग विभाग के एसओडी डॉ. जगदीश सिंह ने व्यक्त किया।



गृह विभाग के एसीएस डॉ. राजेश राजौरिया ने कहा कि हमें यह समझने की आवश्यकता है कोई भी साधन, संसाधन या संपत्ति हमारे जीवन को नहीं लौटा सकते। हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाना होगा। हम सड़क पर इतनी जल्दबाजी क्यों करते हैं? हमारे भीतर धैर्य क्यों नहीं है? इन प्रश्नों का हल सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकता है। यह दुखद है कि मध्यप्रदेश में एक वर्ष में 54000 दुर्घटनाओं में 13000 लोग अपनी जान गवां देते हैं। मृत लोगों में 71 प्रतिशत लोगों की उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच होती है। शासन ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उनकी सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है साथ ही ट्रामा सेंटरों को विकसित किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं के बाद गोल्डन ऑवर में पहुंचे घायलों का जीवन बचाया जा सके। पीटीआरआई के एडीजी जी. जनार्दन ने कहा कि सड़क संरचनाओं में लगातार विकास के बाद भी दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। वाहन चालक यदि यातायात नियमों का सही तरह से पालन करें तो काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। दुर्घटनाओं का बड़ा कारण तेज गति भी है। यदि हम निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तो दुर्घटना कम हो सकती है।

# एम्स में किशोरों की मनोदैहिक समस्याओं पर शोध प्रकाशित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स में किशोरों के बीच समस्याग्रस्त इंटरनेट उपयोग से संबंधित मनोदैहिक समस्याओं पर एक महत्वपूर्ण शोध पबमेड इंडेक्स्ड जर्नल में प्रकाशित हुआ। यह शोध डॉ. दिगपाल सिंह चुंडावत-सहायक नर्सिंग अधीक्षक प्रमुख अन्वेषक और सह-लेखक डॉ. वरुण मल्होत्रा अतिरिक्त प्रोफेसर-फिजियोलॉजी विभाग-एम्स भोपाल द्वारा किया गया था।




कुल 348 किशोर छात्रों के बीच किए गए शोध अध्ययन में 14-19 वर्ष की आयु के 65.52त्न छात्र और 34.48त्न छात्राएं थीं। अध्ययन के मानक के हिसाब से देखा जाए तो 38.79त्न विद्यार्थी 10वीं कक्षा में, 33.62त्न 11वीं कक्षा में और 27.59त्न विषय 12वीं कक्षा में पढ़ रहे थे। 37.93त्न विद्यार्थियों में से अधिकांश 3 वर्ष से अधिक समय से इंटरनेट का उपयोग कर रहे थे। अधिकांश छात्रों (44.83 प्रतिशत) ने बताया कि वे इंटरनेट का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग के लिए करते है

समस्याग्रस्त इंटरनेट उपयोग (पीआईयू) के स्तर से देखा गया तो लगभग 5.17 प्रतिशत छात्र पूर्ण रूप से इंटरनेट एडिक्ट मिले। 56.03 प्रतिशत छात्रों में यह मध्यम स्तर का, जबकि 38.79 प्रतिशत में हल्के स्तर का इंटरनेट एडिक्शन अनुभव किया गया। इसका तात्पर्य यह है कि लंबे समय तक इंटरनेट का उपयोग - बढ़ती दैहिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है।

अध्ययन समस्याग्रस्त इंटरनेट उपयोग (पीआईयू) से संबंधित मनोदैहिक समस्याओं पर केंद्रित है और यह बताता है कि अवसाद चिंता, तनाव और दैहिक शिकायतें सीधे समस्याग्रस्त इंटरनेट उपयोग से संबंधित हैं। इंटरनेट की लत के परीक्षण के लिए समस्याग्रस्त इंटरनेट उपयोग (पीआईयू) का मूल्यांकन यंग के बीस प्रश्नों द्वारा किया गया। किशोरों में मनोदैहिक समस्याओं को मापने के लिए अवसाद, चिंता, तनाव स्केल (डीएएसएस-42) और स्व-संरचित प्रश्नावली जांच सूची का उपयोग किया गया था। आज के समय में वास्तविक चुनौती सोशल साइट्स के उपयोग पर नियंत्रण रखना है - कितना समय व्यतीत किया जा रहा है और किशोर किस प्रकार की गतिविधियाँ ऑनलाइन कर रहे हैं। स्कूल और माता-पिता को बच्चों/किशोरों को इंटरनेट के उचित उपयोग के बारे में समझाने की जरूरत है, स्क्रीन टाइम को उनके उपयोग को सीमित करें। हमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करने की आवश्यकता है लेकिन दुर्भाग्य से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारा उपयोग कर रहे हैं। डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के रिलीज होने के कारण एक क्लिक पर आभासी इंटरनेट गेमिंग की दुनिया में मिलने के बाद उपयोगकर्ता वास्तविक दुनिया में भी तत्काल संतुष्टि की तलाश करते हैं। हालाँकि, जब उनकी इच्छा पूरी नहीं होती है और बाधित या विलंबित होती है तो यह चिड़चिड़ेपन की ओर ले जाता है, जो आगे चल कर अन्य मानसिक रोगों का रूप ले सकते हैं। स्कूल आधारित शैक्षिक कार्यक्रमों को किशोरों के बीच लत को कम करने और किशोरों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को लक्षित करने की आवश्यकता है।

### डॉ. राघवेंद्र कुमार ने जीरो विजन समिट को संबोधित किया

**भोपाल।** मैनिट भोपाल द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा मूल्यांकन और स्वास्थ्य पहलुओं पर केंद्रित जीरो विजन समिट कार्यक्रम में एम्स भोपाल के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ को उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता और सत्र अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ ने शिखर सम्मेलन के दौरान सड़क यातायात दुर्घटनाओं से जुड़ी रुग्णता और मृत्यु दर के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्य भाषण दिया । फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी में अनुभव और विशेषज्ञता के साथ, डॉ. विदुआ ने देश की अर्थव्यवस्था पर सड़क दुर्घटनाओं के भारी बोझ और इन घटनाओं के परिणामस्वरूप विकलांगता या मृत्यु के कारण उत्पादक दिनों के दुखद नुकसान पर जोर दिया ।



## महापौर ने लिखा जिला योजना समिति बैठक के लिए पत्र

छिंदवाड़ा। विकास कार्य को गति देने के लिए प्रतिबद्ध नगर पालिक निगम की शहर सरकार के महापौर विक्रम अहके ने जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल को जिला योजना समिति की बैठक आयोजित कराने के संबंध में पत्र लिखा। महापौर ने बताया कि जिला योजना समिति की बैठक प्रत्येक 3 माह में आयोजित की जानी होती है परंतु यह बैठक जून 2019 के बात से आहूत नहीं की गई है। महापौर विक्रम अहके ने प्रभारी मंत्री कमल पटेल से शीघ्र जिला योजना समिति छिंदवाड़ा की बैठक आयोजित करने एवं एजेंडे को जारी करने का अनुरोध किया है।

## भाजपा नेता संतोष नेमा का योग पतंजलि समिति ने मनाया जन्मदिन

अमरवाड़ा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष नेमा का अमरवाड़ा नगर के राम मंदिर मानस भवन में योग पतंजलि समिति के द्वारा जन्मदिन मनाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा के राम मंदिर मानस भवन में योग पतंजलि समिति राम मंदिर समिति सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष नेमा को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कर उनका मुंह मीठा कराया और उनकी दीर्घायु की कामना की इस मौके पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम नारायण ठाकुर गणमान्य नागरिक पंडित एसके शर्मा वरिष्ठ एडवोकेट एसके नेमा पंडित धन कुमार जैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन राम मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश नेमा श्याम राजपूत बालकृष्ण साहू गजेंद्र नेमा राजेंद्र सोनी उत्तम सिंह ठाकुर नवीन जैन मुकेश यादव सुभाष चचड़ा शैलेंद्र पटेल सीएल विश्वकर्मा दिनेश नेमा प्रदीप साहू पप्पू विश्वकर्मा राजेश तिवारी अरुण नेमा नरेश सोनी दिलीप नेमा भुवन मालवीय संदीप नेमा राजा जैन दादूराम जांघेल रज्जू चौरसिया अमित नेमा मिंटू नेमा सहित मातृशक्ति श्रीमती ममता तिवारी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और संतोष शर्मा जी के परिजन मौजूद रहे।

## आयुष मेले में हुआ निशुल्क उपचार



अमरवाड़ा। अमरवाड़ा नगर के मातेश्वरी मंदिर जगतदेव मंदिर परिसर में बुधवार को निशुल्क ब्लॉक स्तरीय आयुष मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अमरवाड़ा विधानसभा प्रभारी उत्तम सिंह ठाकुर और वार्ड पार्षद श्रीमती संजू सूर्यवंशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें आयुष चिकित्सकों के द्वारा, मरीजों की निशुल्क जांच कर उनका उपचार किया गया इस मेले में कुल 738 मरीजो का पंजीयन किया जाकर उपाचार किया गया वही 251 औषधि पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला भाजपा महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष नीलेश कंगाली, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नवीन जैन, पार्षद, संजू बाई सूर्यवंशी, संतु साहू अंकुर जैन तरुण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नगर वासियों आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जन समुदाय को पर्यावरण संरक्षण तथा योग एवं प्राणायम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया गया।

## पेंच माचागोरा बांध से आज बांध का मुख्य द्वार खोलकर पेंच नदी में छोड़ा जायेगा पानी

छिन्दवाड़ा। पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 चौरई के कार्यपालन यंत्री श्री एस.के.सिरसाम ने बताया कि पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत पेंच बांध (माचागोरा बांध) के निचले क्षेत्र के स्टॉपडेम से पेयजल व निस्तार के लिये बांध के मुख्य द्वार को खोलकर पेंच नदी में एक जून को दोपहर 12 बजे 18 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जायेगा जिससे पेंच नदी का जल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के ग्रामवासियों से अपील की है कि वे नदी तट पर नहीं जायें और निचले क्षेत्र में मवेशी, मोटर पंप और अन्य उपयोगी वस्तु नहीं रखें व सतर्क रहें ताकि किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं होने पाये।

# कन्या विवाह योजना में दहेज सामग्री में हुये भ्रष्टाचार में दोषियों पर कार्यवाही की मांग

### महापौर, निगम अध्यक्ष सहित, कांग्रेस पार्षद दलों ने सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना मैं दहेज सामग्री में छिंदवाड़ा में हुए भ्रष्टाचार पर दोषी कर्मचारियों और ठेकेदार के विरुद्ध एफ आई आर की मांग करते हुए नगर निगम महापौर ,निगम अध्यक्ष सहित ,समस्त पार्षद दलों ने कलेक्टर को शीघ्र कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौंपा। वही शीघ्र अति शीघ्र मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार नगद राशि हितग्राही को देने की मांग की।प्रदेश भर में कन्यादान योजना के अंतर्गत हुए भ्रष्टाचार पर एफ आई आर दर्ज हो रही है और उन पर कार्यवाही भी हो रही हैं वही छिंदवाड़ा जिले में प्रभारी मंत्री कमल पटेल के आदेश के बाद भी जांच को प्रशासन द्वारा लटकाया जा रहा है सारे मामले में भौतिक सत्यापन पर सामग्री पर उठे सवाल सही पाए गए हैं सूत्रों की माने तो जांच तो पूरी हो गई है लेकिन जांच में दोषी चार अधिकारियों को बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है। हालांकि नगर निगम ने कुछ दिनों पूर्व सामग्री सप्लाई का टेंडर निरस्त करते हुए इस आशय के आदेश जारी किए हैं कि वह अपनी घटिया सामग्री वापस उठा ले। प्राथमिकता टेंडर पर ही पहले से ही सवाल उठते रहे हैं टेंडर भी गलत तरीके से हुआ है टेंडर जेम पोर्टल से ना खरीद कर लोकल स्तर पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए खुद के हित को साधने के लिए खरीदी करवाई गई सारे मामले में जिला पंचायत और नगर निगम में पदस्थ अधिकारी की पूरी का भूमिका संदिग्ध है और अधिकारी बिंदास है क्योंकि उसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा बोल दिया है कि आप चिंता ना करें आपका कुछ नहीं होगा देखना है कि सारे मामले में भ्रष्टाचार की जीत होती है या गरीब जनता को न्याय प्रभारी मंत्री के बोलने के बाद भी प्रशासन इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल रहा है जिससे लगता है कि प्रभारी मंत्री यहां के अधिकारी से वाकिफ नहीं है।

## सुन्दर मंगलगान के साथ हमें वीर बनना है

### वीतराग भवन में हो रहा संस्कारों का बीजारोपण

**छिन्दवाड़ा।** पाठशाला जाना पढ़कर आना, कोई जब पूछे तो जल्दी से बताना, क्या क्या करना पाप है, क्या क्या करना पाप है सुंदर मंगलगान के साथ हमें वीर बनाना है महावीर बनना है से अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन गुंजायमान हो रहा है। फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन ने बताया कि मंगलमय प्रसंग है श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा चल रहे जैनत्व संस्कार आवासीय शिक्षण शिविर का, जिसके चतुर्थ दिवस बुधवार को सभी शिविरार्थियों ने प्रात:काल की मंगल बेला पर आदिनाथ जिनालय में श्री वीतरागी देव - शास्त्र - गुरु भगवंतों की पूजन कर उनका गुणगान किया।द्वितीय चरण में वीतराग भवन में वर्गवार कक्षाओं में सदाचार के साथ जैनदर्शन का पाठ पढ़ते हुए जैन सिद्धांतों का क्रमिक अध्ययन किया। शिविर में 3 वर्ष से 25 वर्ष तक के 2 सौ से अधिक शिविरार्थी हिस्सा ले रहे हैं जिनके समुचित आवास, भोजन एवं यातायात की व्यवस्था आयोजके मण्डल द्वारा की गई है वहीं शिविर के मुख्य आमंत्रणकर्ता गोविंदप्रसाद अभिषेक कुमार जैन परिवार हैं।पाठशाला संचालिका वर्षा पाटनी एवं आर्या जैन ने बताया कि शिविर का मुख्य आकर्षण सामुहिक कक्षा है



जिसमे पण्डित विराग शास्त्री जबलपुर एवं पण्डित संजय सिद्धार्थी इंदौर द्वारा मंगलगान के साथ जैनदर्शन के मुख्य सिद्धांतों का पाठ पढ़ा रहें है साथ ही विविध वीडियो के माध्यम से शाकाहार सदाचार एवं सर्वोदय अहिंसा का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं।

**आज आएंगे डॉ. मनीष शास्त्री**

अशोक वैभव एवं ऋषभ शास्त्री ने बताया कि 25 वर्ष से अधीक उम्र वाले सभी शिविरार्थियों के लिए स्वाध्याय भवन में मंगल प्रवचनों का आयोजन चल रहा है जिसमे आरोन से पधारे युवा विद्वान पं. अमन शास्त्री द्वारा जिनागम का सार बताकर दिगम्बर महामुनिराजों सहित जिनवाणी का उपकार बताया जा रहा है। आज जैनदर्शन के राष्ट्रीय विद्वान डॉ. मनीष शास्त्री मेरठ का नगर आगमन हो रहा है।

## मप्र पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 12 स्वर्ण पदक एवं 5 सिल्वर पदक लेकर लौटी छिन्दवाड़ा टीम

**छिन्दवाड़ा।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छिन्दवाड़ा के सचिव राजेन्द्र



सिंह ठाकुर ने बताया कि दिनांक 27,28 मई 2023 को म.प्र.पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम इंदौर में आयोजित की गयी। जिसमें छिन्दवाड़ा जिले की टीम 12 स्वर्ण पदक एवं 5 सिल्वर पदक जीतकर लौटी। स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों में जिज्ञासा बघेल ,प्रिया बघेल (सब जूनियर ), शिवम् यादव (जूनियर ),सीनियर में - प्रदीप सराठे ,तौसीफ खान , आकाश सोनी ,मास्टर वर्ग में - सचिन राय,(2 स्वर्ण पदक ,पावर लिफ्टिंग एवं डेड लिफ्ट ) ,संजय चाटे, निरपत सिंह ठाकुर, अनिल सिंघई,रजत पदक पाने खिलाड़ियों में - डिम्पल बघेल (सब जूनियर ) ,आदित्य सोनी (सब जूनियर ) ,फैजान कुरैशी (सीनियर ),कमल मण्डराह (मास्टर एम 2 ), अखिलेश खरे (मास्टर एम 2 ) टीम के साथ कोच के रूप में राजेन्द्र सिंह ठाकुर गये थे। टीम की सफलता पर बधाई देने वालों में अनिल सक्सेना नेशनल रैफरी ,नंदकिशोर पराड़कर ,दुबेलाल ,के.आर.दुबे ,डॉ.सर्वोत्तम ,अजय कुरोलिया ,प्रभाकर भुसानकर आदि ।

## छात्रवृत्ति वितरण और परीक्षा में हो रही देरी के कारण दर्जनों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधेरे में



**छिंदवाड़ा।** पैरामेडिकल नर्सिंग छात्र छात्राओं ने छिन्दवाड़ा मेडिकल कालेज में जमकर हंगामा किया उन्होंने डीएम से सैकड़ों की संख्या में एक साथ मुलाकात कर छात्रवृत्ति सहित परीक्षा कराए जाने की मांग की। छात्रवृत्ति वितरण और परीक्षा में हो रही देरी के कारण दर्जनों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधेरे में आ गया है। लापरवाही का आलम यह है कि 2020-21 में शुरू होने वाला पैरामेडिकल और नर्सिंग छात्र छात्राओं का सत्र लेटलतीफी के कारण देरी से शुरू हो पाया है। इससे छात्रों के 2 वर्ष बर्बाद हो गए और उनकी पढ़ाई नहीं हो पाई, और छत्रवृत्ति भी नहीं मिली एवं परीक्षाएं भी नहीं हुई है।वहीं दूसरी ओर छात्राओं का कहना था कि हमारे समतुल्य कोर्सों की सत्र 20-21 की परीक्षाएं प्रदेश के सभी कॉलेजों में हो चुकी है उन्होंने डीन से छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज की पैरामेडिकल कोर्स के छात्र-छात्राओं की परीक्षा शीघ्र कराए जाने की मांग की। विगत दिनों छात्रवृत्ति मामले को लेकर छात्र छात्राओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। इधर प्रबंधन का कहना है की 2020-21 का छात्रवृत्ति पोर्टल बहुत पहले ही बंद हो चुका है और आपका बैच 2020-21 का है इसलिए अब आपको छात्रवृत्ति नहीं दी जा सकती ।छात्राओं ने बताया कि एक साल की फीस करीब 80000 रुपये होती है और उन्होंने छात्रवृत्ति के सहारे ही कॉलेज में प्रवेश लिया था लेकिन शासन की लेटलतीफी के कारण समय पर वह बैच स्टार्ट नहीं हो पाया, तो इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। अब हमसे कहा जा रहा है कि क्योकि उस वर्ष का पोर्टल बंद हो चुका है इसलिए उन छात्राओं को अब छात्रवृत्ति प्रदान करना संभव नहीं है ।छात्राओं का सवाल है कि शासन की लापरवाही या गलत नीति के कारण यदि कॉलेज का सत्र आरंभ नहीं हो पाया तो इसकी सजा छात्राओं को क्यों दी जा रही है । उनका कहना है कि बिना छात्रवृत्ति के हम लोगों का पढ़ाई किया जाना संभव नहीं है । सरकार छात्राओं की मदद करने के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही है फिर आखिर हमारे साथ ये अन्याय क्यों हो रहा है।

वही इस पूरे मामले में मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो गिरीश रामटेके का कहना है कि छात्रवृत्ति के लिए जिला प्रशासन और हमारे द्वारा भोपाल पत्राचार किया जा रहा है शीघ्र ही छात्राओं को उनकी छात्रवृत्ति मिल जाएगी और पैरामेडिकल कोर्स की परीक्षाओं की कार्रवाई मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा कराई जाती है उन्हें भी इस बारे में 15 /16 बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है कोर्ट में केस के कारण कुछ देरिया हो रही है शीघ्र ही समस्या का हल निकाला जाएगा।

## शहर में यातायात की बिगड़ी अव्यवस्था, को लेकर सेवादल ने डीएसपी का किया घेराव

छिंदवाड़ा। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सेवादल का प्रतिनिधि मंडल ने यातायात डीएसपी रामेश्वर चौबे, यातायात टीआई श्री उद्दे और आरटीओ अधिकारी से मीलकर पूरे शहर में बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा कि। जिसमें अवगत कराया गया कि परासिया रोड़ पर सड़कों पर खड़े अव्यवस्थित वहानों से लगातार ट्राफिक जाम हो रहा है।

## कमिश्नर ने जनसेवा अभियान, लाड़ली बहना सहित अन्य कार्यों की संभागीय समीक्षा की

छतरपुर। कमिश्नर सागर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिला पंचातय सभाकक्ष छतरपुर में संभाग स्तर पर मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, लाड़ली बहना, ब्याज माफी, भू-अधिकार पट्टा, जलजीवन मिशन अंतर्गत क्रियांवित कार्य सहित 2 जून को मनाए जाने वाले महाराजा छत्रसाल द्वारा स्थापित छतरपुर का गौरव दिवस के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर्स, जिला पंचायत सीईओ, महिला बाल विकास अधिकारी छतरपुर, दमोह, पन्ना, निवारी, टीकमगढ़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर डॉ. रावत ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में ही सीमांकन, बंटवारा और नामांतर के लंबित प्रकरणों को 30 जून तक ही शतप्रतिशत निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनांतर्गत आवेदनों की आपत्तियों का निराकरण एवं बैंक खाता की डीबीटी कराने के लिए निर्देशित किया।

# रायसेन दुर्ग पर बने भोलेनाथ के मंदिर के द्वार खुलना चाहिए कथावाचक देवेंद्र भार्गव

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं पंच कुंडी श्री राम महायज्ञ का समापन

रायसेन। जिला मुख्यालय से 29 किलोमीटर दूर सागर भोपाल मार्ग पर स्थित ग्राम आमखेड़ा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम महायज्ञ के समापन के साथ श्री राम जानकी दरबार प्राण प्रतिष्ठा की गई। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा वाचक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्चद्दठ्ठस्रद्बह्ल देवेंद्र भार्गव ने कहा कि दोस्ती होना चाहिए तो श्री कृष्ण एवं सुदामा जैसी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रायसेन दुर्ग स्थित सोमेश्वर धाम भोलेनाथ के मंदिर के ताले खुलना चाहिए एवं वहां पर पुजारी की व्यवस्था कि जाकर रोज पूजन होना चाहिए। उन्होंने कथा सुन रहे। मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी से उक्त बात कही। श्री भार्गव जी ने कहा कि माता बहनों से निवेदन है कि वे अपने बच्चों को धर्म के प्रति बताएं एवं उन्हें



रोज मंदिर भेजकर भगवान को दीपक लगवाएं। श्री भार्गव जी ने 7 दिन में आमखेड़े के आस-पास के गांव मैं अपने मुखारविंद से भगवत कथा के माध्यम से ज्ञान की गंगा वहा दी। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य जजमान कथा के आयोजक श्री मती सविता जमना सेन एवं यज्ञ एवं श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा के आयोजक परम पूज्य त्यागी जी महाराज द्वारा निरंतर 7 दिन भंडारा यज्ञ के साथ आमखेड़ा आश्रम तपोभूमि चलता रहा। श्रीमद् भागवत कथा समापन एवं यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर कथा सुनने पहुंचे मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी पुरुषोत्तम शर्मा ने भी सभी भक्तों को संबोधित करते हुए सनातन धर्म से जुड़ने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य जजमान भगवत कथा आयोजक जमना सेन एवं श्री त्यागी जी महाराज ने समस्त मंच पर उपस्थित कथावाचक देवेंद्र भार्गव एवं उनकी समस्त टीम का हार फूलों एवन का बिल देकर सम्मानित किया एवं समस्त नागरिकों का कथा में सम्मिलित होने के लिए का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 01 ईटखेडी सड़क तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.**

क्रमांक/रा.नि.वृत्त/ 1/ हुजूर/भोपाल दिनांक 30.05.2023

**सीमांकन बावत सूचना पत्र**

1. श्री मेहश मीना आ. कमलसिंह मीना नि.ग्रा. अचारपुरा व अन्य, 2. श्री नरेश मीना आ. कमलसिंह मीना नि. ग्राम अचारपुरा, 3. श्री मुकेश मीना आ. कमलसिंह मीना नि.ग्रा. अचारपुरा,4. श्री मोहन मीना आ. कमलसिंह मीना नि.ग्रा. अचारपुरा, 5. श्री लीलाकिशन आ. आनंदीलाल मीना नि.ग्रा. अचारपुरा, 6. श्री शिवनारायण आ. अजतसिंह नि.ग्रा. अचारपुरा, 7. श्री जीतेन्द्र आ. अजबसिंह नि.ग्रा. अचारपुरा, 8. श्री लखनसिंह आ. इमरतलाल नि. ग्रा. अचारपुरा, 9.श्रीमती रामकली बेवा मोतीलाल प्रेमनारायण, किशनलाल, सुमन बाई पुत्र-पुत्री मोतीलाल नि. ग्रा. अचारपुर, 10 श्री ज्ञानसिंह आ. हरनारायण मीना नि.ग्रा.

उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कोमलबाई, जमना प्रसाद, ज्वालसिंह, उर्फ बाला प्रसाद, गोविन्द्र पुत्र श्री रामसिंह मीना निवासी अचारपुरा भूमि ग्राम अचारपुरा खसरा नंबर 276/1, 277, 278, 279, 280 कुल रकबा 1.840 हे. हल्का नंबर 17 तहसील हुजूर भोपाल द्वारा उक्त भूमि का सीमांकन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएवं दिनांक 02.06.2023 समय 04.00 का आवेदक की भूमि का सीमांकन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। पडोसी कृषक होने के नाते आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त सीमांकन स्थल पर उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य स्थगित नहीं किया जायेगा।

अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने के कारण सीमांकन तिथि बढाई जा सकेगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**वृत्त 01 ईटखेडी सड़क तहसील हुजूर, भोपाल**


# मंत्री राजे ने किया थीम रोड का निरीक्षण ,अधिकारियों को दिए निर्देश

शिवपुरी - खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी भ्रमण के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उनके प्रयासों से शिवपुरी में थीम रोड बनाई गई है। अब इसका सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

रोड के सौंदर्यीकरण कार्य की निगरानी भी मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा की जा रही है ताकि शिवपुरी को एक सुंदर सुसज्जित रोड मिले। उन्होंने थीम रोड का निरीक्षण किया और बारीकी से जानकारी ली कि किस प्रकार सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है और उन्हें जहां कहीं कमी लगी उस संबंध में निर्देश भी दिए। टीम को काम तेजी से करने के निर्देश दिए हैं।थीम रोड के निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंसल्टेंट कंपनी से सीके नायडू ने जानकारी दी और बताया कि सौंदर्यीकरण का काम तीन फेज में किया जा रहा है जिसमें 4 पॉइंट में विभाजित करके पहले पोल लगाने के बाद आकर्षक साइनेज लगाए जाएंगे। सेकंड फेज में महापुरुषों की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इसके बाद थर्ड फेज में पाम आइलैंड तैयार



किया जाएगा जो की थीम रोड का एक आकर्षण का केंद्र होगा। थीम रोड में जगह जगह आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी से इस कार्य की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं और जहां कहीं अन्य विभागों से सहयोग की आवश्यकता है उस संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा रोड पर ड्रेनेज सिस्टम और विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन के संबंध में निर्देश दिये।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार पास्को एक्ट का मामला दर्ज

दमोह कांग्रेस नेता नौशाद खान को पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया है लड़की ने शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी

कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता नौशाद खान को कोतवाली पुलिस ने बुधवार को छेड़छाड़ के एक मामले में गिरफ्तार किया है। 14 वर्षीय किशोरी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि नौशाद खान ने उसके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ की है। किशोरी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने घर से जब अस्पताल की तरफ आ रही थी तभी स्कूटी से एक व्यक्ति उसका पीछा कर रहा था। उसे देखकर वह बस स्टैंड की तरफ चली गई। तो युवक बस स्टैंड की तरफ उसके पीछे-पीछे आने लगा। वह लगातार पीछा कर रहा था। तब वह वापस अस्पताल की तरफ आने लगी लेकिन युवक भी उसके पीछे पीछे आया और उससे स्कूटी में बैठने के लिए इशारा किया। जिससे किशोरी डर गई। लेकिन तभी वहां पर दो युवक आए और उन्होंने किशोरी की मदद की। जिसके बाद उसने अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। किशोरी की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने नौशाद खान को गिरफ्तार कर लिया है।

नौशाद खान निवासी नूरी नगर दमोह के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध धारा 354 स्न ,509 ताहि 11/12 पास्को एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

नौशाद के बारे में पता करने पर हमारे सूत्रों ने बताया कि नौशाद खान पहले भी इस प्रकार की हरकतें कई लड़कियों के साथ कर चुका है राजनीतिक रसूख के चलते अभी तक वह बचता आ रहा था।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 718 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 23 भोपाल, दिनांक 31/05/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की शाहपुर योजना में स्थित भवन क्रं. 52 सेक्टर बी, श्री ओमप्रकाश ढींगरा के नाम पर आवंटित है। जिनका स्वर्गवास दिनांक 11.09.2012 एवं उनकी पत्नी श्रीमती परवेश ढींगरा का स्वर्गवास दिनांक 07.01.2013 को एवं उसके उपरांत आवंटी के एक मात्र पुत्र श्री संजीव ढींगरा का स्वर्गवास दिनांक 27.03.2021 को होने के कारण आवंटी की एक मात्र उत्तराधिकारी होने के आधार पर आवंटी के एक मात्र स्वर्गीय पुत्र श्री संजीव ढींगरा की पत्नी श्रीमती सिमरन ढींगरा ने भवन का नामांतरण अपने नाम पर किये जाने हेतु वांछित अभिलेख संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ बैंक संस्था को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

**राजस्व अधिकारी**


# विधानसभा पूर्व टेस्ट में शहर कांग्रेस को फेल कर गए राहुल-अजय सिंह कुशवाह

**शिवपुरी** - प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में बड़ी शिद्दत के साथ होते देखी जा सकती हैं।ज़िले में भी दोनों दलों के ज़िम्मेदार अपने-अपने स्तर पर चिंतन कर रहे हैं।जिले की शिवपुरी विधानसभा सीट भाजपा के लिए राहत और कांग्रेस के लिए सिर में दर्द पैदा करने का कारक रही है क्योंकि यहां सिंधिया राजवंश की राजमाता विजयाराजे सिंधिया की उत्तराधिकारी सबसे छोटी राजकुमारी और प्रदेश की तेजतर्रार मंत्रियों में शुमार यशोधराराजे सिंधिया ने अपना परचम गाड़ रखा है। वर्तमान में वे यहां से चौथी बार विधायक हैं। यशोधराराजे न केवल शिवपुरी विधानसभा का अभेद्य किला हैं बल्कि जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में उनके समर्थकों की असरदार मौजूदग़ी उनके कद और पार्टी के वजन को मज़बूती देती है।इसलिए चुनावों के ऐन पहले कांग्रेस ने इस ज़िले को टारगेट ष्टड्डद्मद्ग घेराबंदी शुरु कर दी है।

बीते रोज कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया) पार्टी की मंडलम,सेक्टर और बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेने शिवपुरी पधारे।एक स्थानीय होटल में आयोजित की यह बैठक ज़िले में पार्टी के जिम्मेदारों शहर जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा व ग्रामीण जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान की चुनाव पूर्व टेस्ट प्रक्रिया थी जिसमें शिवपुरी विधानसभा के सभी मंडलम,सेक्टर और बूथ अध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की (मय फोटो) सूची प्रस्तुत करनी थी।किंतु जैसे ही श्रीप्रकाश शर्मा की टीम ने सूचियां प्रस्तुत कीं वैसे ही पार्टी के तेजतर्रार परीक्षक अजय सिंह ने अपने तरीके से सूचियों का परीक्षण शुरू कर दिया।उन्होंने एक एक कार्यकर्ता को खड़ा कर सूची से मिलान करना शुरू किया तो ज़मीनी कार्यकर्ताओं की पोल खुलनी शुरू हो गई।कुल मिलाकर सिर्फ दो-चार कार्यकर्ता ही असली नज़र आये।यह देखकर राहुल भैया की त्यौरियां चढ़ गईं। उन्होंने जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा और शहर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल को आड़े हाथों लेते ही हुए चेतावनी दी कि ये फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा।आप अपने सेक्टर और मंडलों की फोटो सहित सूची 22 जून तक मेरे पास भेजिए।सिर्फ ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष के पी रावत की सूची से वे संतुष्ट नज़र आये।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)**

क्रमांक/न.पा.श./2023/3336 शहडोल, दिनांक 31.05.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीय पंजीयन पद्धति से पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण अनुसार ऑनलाईन पद्धति से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आइ.टी. नम्बर | ई-टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयसीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3296 | 2023_UAD_280285_1 | Supply Steel in built up M/.S. tubular Section (angle, round, square or rectangular hollow tube etc) trusses/framework/railing, gate, grating, mesh and similar nature of work etc of size, shape and thickness requirement as per | 4.23 | 5000/- | 2000/- | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 1 month including rainy seasons |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https:/mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है। 2. ऑनलाईन निविदा वेबसाईट https:/mptenders.gov.in पर दिनांक 31.05.2023 10.30 से 15.06.2023 17.30 तक खरीदा जा सकता है। 3. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन देखी जा सकती हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी , नगरपालिका परिषद शहडोल म. प्र.**

G20
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना



## 1 जून से स्वीकृति पत्रों का वितरण शुरू

**1 करोड़ 25 लाख बहनों को मिलेगा लाभ** | **10 जून से हर महीने ₹ 1000**

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना



"लाड़ली बहना योजना बहनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनका सम्मान बढ़ाने का महायज्ञ है। मुझे विश्वास है कि इस योजना से महिलाएँ और अधिक सबल होंगी और समाज के साथ देश, प्रदेश की प्रगति में बराबर से सहयोगी बनेंगी।"

**- शिवराज सिंह चौहान,** मुख्यमंत्री

**मध्यप्रदेश शासन**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11039-23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023